!! श्री कृष्ण शरणम् ममः!!

आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594

वर्ष-11 । अंक 63 । मूल्य - 2 रुपए । पृष्ठ-08 । नगर संस्करण

इंदौर, रायपुर व भोपाल से एक साथ प्रकाशित

दैनिक आदित्य भारत

सदैव सत्य के साथ...

इंदौर
बुधवार, 05 मार्च, 2025

## शॉट न्यूज

### महाराष्ट्र में नेता विपक्ष के लिए उद्धव ने ठोका दावा!

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) ने महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता पद पर अपना दावा पेश कर दिया है। सीनियर विधायक भास्कर जाधव को इस कैबिनेट-स्तरीय पद के लिए नामित किया है। पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे की ओर से मंगलवार को यह जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि इसे लेकर एक पत्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को सौंपा गया है। ठाकरे ने कहा, 'शिवसेना (यूबीटी) ने विपक्ष के नेता का पद मांगा है। हमने इस संबंध में अध्यक्ष को पत्र दिया है। हमें विश्वास है कि लोकतांत्रिक मूल्यों को ध्यान में रखते हुए फैसला होगा।' उन्होंने जोर देते हुए कहा कि 26 मार्च को समाप्त होने वाले बजट सत्र के पहले इसे पर निर्णया हो जाना चाहिए। उद्धव ठाकरे ने यह भी साफ कर दिया कि अगर उनकी पार्टी को विपक्ष के नेता का पद मिलता है, तो कोई रोटेशन सिस्टम लागू नहीं होगा। मालूम हो कि शिवसेना (यूबीटी) के पास विपक्षी दलों में सबसे अधिक विधायक 20 हैं। यह आंकड़ा महाराष्ट्र में शिवसेना (यूबीटी) को प्रमुख विपक्षी पार्टी के रूप में स्थापित करता है। अब अध्यक्ष के फैसले का इंतजार रहेगा। अगर भास्कर जाधव की बात करें तो वह रत्नागिरि जिले के गुहागर से विधायक हैं।

### अब कांग्रेसी सांसद इमरान ने की औरंगजेब की तारीफ

नई दिल्ली। समाजवादी पार्टी की महाराष्ट्र ईकाई के अध्यक्ष अबू आजमी के मुगल शासक औरंगजेब को लेकर दिए गए बयान पर बवाल थमता नहीं दिखाई दे रहा है। बयान पर विवाद होने के बाद अबू आजमी ने सफाई दी ही थी कि कांग्रेस के मुस्लिम सांसद इमरान मसूद ने भी एक ऐसा बयान दिया है, जिससे यह विवाद और बढ़ सकता है। अबू आज़मी के औरंगज़ेब को महिमामंडित करने वाले बयान पर हंगामे के बाद महाराष्ट्र विधानसभा दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। सहारनपुर से कांग्रेस के सांसद इमरान मसूद ने कहा है कि औरंगज़ेब हिंदुस्तान का बादशाह था और वह अत्याचारी शासक नहीं था। जो बातें इतिहास में लिखी हुई हैं, उन्हें मिटाया नहीं जा सकता। एक फिल्म के जरिये इतिहास को उल्टा-सीधा बताने का काम किया जा रहा है और ऐसा नहीं होना चाहिए।' इमरान मसूद ने कहा कि औरंगज़ेब 49 साल तक हिंदुस्तान का बादशाह रहा, उसे कैसे अत्याचारी बताया जा रहा है। उन्होंने कहा कि औरंगजेब के राज में जीडीपी बहुत ज्यादा थी। सपा और कांग्रेस नेताओं के औरंगजेब पर बयानों को लेकर उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने पलटवार किया है।

### पाकिस्तान में आत्मघाती हमला, 9 लोगों, 6 आतंकियों की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बन्नू जिले में आतंकवादी समूह के दो आत्मघाती हमलावरों ने विस्फोटकों से भरी दो कारों को सेना परिसर में घुसा दिया, जिसके बाद एक भयंकर विस्फोट हुआ। इस विस्फोट में 9 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में तीन बच्चे और दो महिलाएं शामिल हैं। दोनों विस्फोटों में कम से कम 20 अन्य घायल हुए हैं। विस्फोटों की तीव्रता के कारण आसपास के कम से कम 8 घर क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारी के अनुसार, दो आत्मघाती हमलों के अलावा, गोलीबारी में 6 आतंकवादी मारे गए। इसके अलावा 12 अन्य आतंकवादियों ने परिसर पर हमला करने का प्रयास किया। लेकिन वे असफल रहे इस हमले की जिम्मेदारी हाफिज गुल बहादुर सशस्त्र समूह ने ली है, समूह ने अधिक विवरण दिए बिना एक बयान में कहा, 'हमारे लड़ाकों को एक महत्वपूर्ण लक्ष्य तक पहुंच मिल गई और उन्होंने नियंत्रण ले लिया।' यह हमला पाकिस्तान के एक इस्लामिक धार्मिक स्कूल में एक आत्मघाती हमलावर द्वारा छह लोगों की हत्या के कुछ दिनों बाद हुआ है, जिसमें उसी प्रांत के प्रमुख तालिबान नेता भी शामिल थे।

### टैरिफ को लेकर ट्रंप की सख्ती ने बढ़ाई भारत की चिंता

# अचानक अमेरिका गए वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक रिश्ते एक बार फिर सुर्खियों में हैं। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने अचानक अमेरिका की यात्रा शुरू की है, जिसका मकसद टैरिफ विवाद को सुलझाना और दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाना है। ये दौरा ऐसे नाजुक वक्त में हो रहा है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नए टैरिफ लगाने की घोषणा की है। ये टैरिफ भारत के ऑटो, कृषि और दूसरे क्षेत्रों को प्रभावित कर सकते हैं।

**चिंता**

सरकारी सूत्रों के अनुसार गोयल ने अपनी पहले से तय बैठकें रद्द कर इस यात्रा को प्राथमिकता दी, जिससे अमेरिकी अधिकारियों के साथ सीधी बातचीत हो सके। चीन, कनाडा और मेक्सिको पर अमेरिका टैरिफ लगा चुका है। फिलहाल भारत इससे बचा हुआ है। अनुमान लगाया जा रहा है कि दो अप्रैल से भारत पर भी टैरिफ लागू करने की योजना है। इसलिए गोयल की यात्रा बेहद महत्त्वपूर्ण मानी जा रही है। वह ट्रंप प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रेयर और वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लटनिक से भी केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल मुलाकात करेंगे। बातचीत के दौरान भारत बाहरी टैरिफ को कम करने और द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को आगे बढ़ाने को प्राथमिकता देगा। कहा जा रहा है कि पीयूष गोयल का ये दौरा 8 मार्च तक जारी रहेगा।



### मोदी-ट्रंप मुलाकात

पिछले महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा में दोनों देशों ने 2025 तक एक व्यापार समझौते पर सहमति जताई थी जिसका लक्ष्य 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 बिलियन डॉलर तक पहुंचाना है। लेकिन अब टैरिफ की नई चुनौती ने इस लक्ष्य पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अमेरिकी टैरिफ से भारत को सालाना 7 अरब डॉलर का नुकसान होने की आशंका है। अमेरिका का दावा है कि भारत के हाई टैरिफ उसके उद्योगों को नुकसान पहुंचाते हैं। पीयूष गोयल इस यात्रा में इन दावों का जवाब देने और टैरिफ पर पूरी जानकारी मांगने की तैयारी में हैं। केंद्रीय मंत्री ने यात्रा से पहले कहा कि दोनों देश रियायतें और शुल्क में कटौती की पेशकश कर सकते हैं।

#### टैरिफ पर भारत का रुख

अमेरिकी औद्योगिक उत्पादों पर भारत में टैरिफ में कटौती की संभावना है। कृषि उत्पादों पर टैरिफ घटाने के लिए भारत तैयार नहीं है और किसानों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी। हालांकि ऑटोमोबाइल और केमिकल्स पर राहत की संभावना है। भारत पहले ही कई सामानों पर टैरिफ कम कर चुका है। ऐसे में ये रणनीति व्यापारिक संतुलन बनाए रखेगी और अमेरिका के साथ संबंधों को भी मजबूत करेगी।

#### कूटनीति की अग्निपरीक्षा

पीयूष गोयल की ये यात्रा भारत की व्यापारिक कूटनीति का एक शानदार उदाहरण है। इससे दो देशों के बीच व्यापारिक तनाव कम होगा और एक ऐसी राह निकल सकती है जो दोनों पक्षों के हितों का सम्मान करेगी। आने वाले दिनों में इस वार्ता का नतीजा भारतीय अर्थव्यवस्था और वैश्विक व्यापार पर गहरा असर डालेगा। ऐसे में ये देखना दिलचस्प होगा कि क्या भारत इस चुनौती को अवसर में बदल पाएगा?



# पीएम मोदी ने वन्य जीवों को साथ बिताया समय

**जामनगर ● एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात में वन्यजीव बचाव, पुनर्वास और संरक्षण केंद्र, वनतारा का उद्घाटन किया। वनतारा दो हजार से अधिक प्रजातियों और डेढ़ लाख से ज्यादा रेस्क्यू किए गए लुप्तप्राय और संकटग्रस्त जानवरों का घर है। वनतारा में पीएम मोदी एशियाई शेर, सफेद शेर, क्लाउडेडल लेपर्ड, कैराकल और अन्य प्रजाति के जानवरों के बच्चों के साथ खेलते नजर आए। उन्होंने शेर के बच्चों को खाना भी खिलाया। पीएम मोदी ने जिस सफेद शेर के बच्चे को खिलाया उसका जन्म वनतारा में हुआ था। उसकी मां को रेस्क्यू करके वनतारा लाया गया था। पीएम मोदी ने बाद में वनतारा का दौरा भी किया, जिसमें वह जानवरों के बीच में पहुंचे। इस दौरान जानवरों को सहलाया। शेर और तेंदुए के नजदीक जाकर बैठे। यहां उन्होंने चाय पी। हालांकि ग्लास की दूसरी ओर शेर थे। बाद में पीएम मोदी ने धीरूभाई अंबानी रिसर्च लैब का भी निरीक्षण किया। पीएम ने यहां गैंडों को फल खिलाए और जिराफ को भी खिलाया। इसके बाद वह पक्षियों के वार्ड में पहुंचे।

### सतना में बाराती बनकर पहुंची आईटी टीम

# पांच कारोबारियों पर छापा, करोड़ों की कर चोरी की जांच

**सतना ● एजेंसी**

आयकर विभाग की टीम ने मंगलवार सुबह सतना जिला मुख्यालय में पांच बड़े कारोबारियों के घर और संस्थानों पर एक साथ छापे मारे। आयकर की टीम 50 कारों से शुक्ला परिवार के बराती बनकर शहर में पहुंचे। उनकी कारों पर सुमन संग संगीता के विवाह के स्टीकर चिपके हुए थे। जबलपुर, इंदौर, रायपुर और भोपाल से आए 100 से अधिक आयकर अधिकारी-कर्मचारी की टीमों ने कारोबारियों के ठिकानों पर सुबह छह बजे से कार्रवाई शुरू की।

शहर में एक साथ पांच कारोबारियों के यहां छापे की सूचना के बाद डरे-सहमे नजर आ रहे कई कारोबारियों ने अपने प्रतिष्ठानों के ताले तक नहीं खोले। आयकर विभाग सूत्रों के अनुसार कार्रवाई दो से तीन दिन तक चल सकती है। इसके लिए सतना सिविल लाइन स्थित आयकर भवन को कंट्रोल रूम बनाया गया है। मंगलवार से बैंक खातों व लॉकर की जांच शुरू हो गई है। आयकर सूत्रों के अनुसार शहर के हुंडी कारोबार सीताराम अग्रवाल के घर पर जब टीम पहुंची, तो अंदर से दरवाजा नहीं खुला। इस पर अधिकारियों ने तत्काल सीढ़ी मंगाकर अंदर प्रवेश किया। सीताराम अग्रवाल मैरिज गार्डन, होटल और हुंडी कारोबारी हैं।



#### सुनील सेनानी शिक्षा क्षेत्र से जुड़े

सुनील सेनानी शिक्षा के संचालन से जुड़े हैं। इनके बिट्स कालेज के अलावा गुटखा बेचने का भी बड़ा कारोबार है। यह सेनानी ग्रुप के नाम से संचालित है। जयस्तंभ चौक स्थित सेनानी ग्रुप के गोदाम में ताला तोड़कर दल अंदर गया। जानकारों के मुताबिक सभी कारोबारी दो साल से आयकर विभाग की रडार पर थे। सतना आयकर कार्यालय से भी रिपोर्ट गई, तो जिसमें बड़ी मात्रा में कर अपवंचन की बात सामने आई थी। इसके बाद एक बड़ी जमीन का सौदा भी सभी ने मिलकर आपस में किया है। सभी व्यवसायी एक ही कारोबारी के इशारे पर संचालित हो रहे थे। हर सौदे में एक खास व्यापारी का नाम भी सामने आ रहा था। जांच दलों ने सभी के आवास और संस्थानों से लैपटाप, कंप्यूटर, बैंक पासबुक समेत कारोबार से जुड़े दस्तावेज खंगाले।

### तेजस्वी पर भड़के नीतीश कुमार

# 'लालू को सीएम हमने ही बनाया'

**पटना ● एजेंसी**

बिहार विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर जवाब देते हुए सीएम नीतीश कुमार ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर हमला बोला। सीएम नीतीश कुमार ने कहा, "जब हमलोग आए थे तो प्रदेश कि क्या स्थिति थी? शाम को कोई घर से बाहर नहीं निकल सकता था। तुम (विपक्ष) लोगों को कुछ पता नहीं। इन मीडिया वालों से पूछ लो*। सीएम नीतीश जब अपना संबोधन शुरू करने जा रहे थे तब तेजस्वी ने उनका खड़ा होकर विरोध किया। तो सीएम नीतीश ने उन्हें डांट दिया। नीतीश बोले- एक बार गड़बड़ किया तोआप लोगों को हटा दिए थे।

दूसरी बार गड़बड़ किया तो फिर हटा दिए। नीतीश ने कहा,तुम्हारे पिता लालू प्रसाद यादव को मुख्यमंत्री मैंने बनाया। तुम्हारी जाति वाले कहते थे- ऐसा मत करो। ये बच्चा है, इसे कुछ पता नहीं। उन्होंने क्या काम किया है यह जब जानते हैं*। पहले स्वास्थ्य केंद्र में मुश्किल से एक से दो मरीज आते थे। लेकिन, ये संख्या बढ़कर अब 11 हजार तक पहुंच गई। अस्पतालों में दवाइयां अब उपलब्ध रहती हैं* ।हिंदू-मुस्लिम का पहले झगड़ा कितना होता था। सीएम नीतीश ने सरकार के कामों को गिनाते हुए बोले- दो लाख 74 हजार शिक्षकों की बहाली की। नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा दिया। पंचायती राज और नगर निकाय में 50 फीसदी महिलाओं को आरक्षण दिया। 2013 में महिला पुलिस को 35 प्रतिशत आरक्षण दिया। पुलिस की बहाली में तेजी लाया। कब्रिस्तानों की घेरबंदी करवाई। एनडीए सरकार सभी जातियों धर्मों के कार्यों को पूरा करने के लिए संकल्पत है।



### तेलंगाना में होगा मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता का आयोजन

**हैदराबाद।** मिस वर्ल्ड 2025 के साथ इंडिया इंटरनेशनल ब्यूटी कॉन्टेस्ट की वापसी होगी। मिस वर्ल्ड के 72 वें संस्करण का आयोजन दक्षिणी राज्य तेलंगाना में होगा। राज्य की रेवंत रेड्डी सरकार में पर्यटन विभाग को संभाल रही आईएएस स्मिता सभरवाल ने खुद इसकी जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा की है। रेवंत सरकार ने पिछले दिनों राज्य में टूरिज्म को और आगे ले जाने के नई टैगलाइन 'तेलंगाना जरूर आना' लांच की थी। स्मिता सभरवाल ने इसी टैगलाइन के साथ तेलंगाना को मिस वर्ल्ड की मेजबानी मिलने का ऐलान किया है। तेलंगाना में मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता का आयोजन मई महीने में होगा। आईएएस स्मिता सभरवाल ने मिस वर्ल्ड के द्वारा साझा किए गए वीडियो को अपने इंस्टग्राम पर साझा किया है।

### आतंकी अब्दुल के खुलासे से जांच एजेंसियां सन्न

# महाकुंभ में होने वाला था आतंकी हमला, सुरक्षा देख टला

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

गुजरात पुलिस की एटीएस और हरियाणा की एसटीएफ के एक ज्वाइंट ऑपरेशन में पकड़े गए आईएसकेपी के आतंकी अब्दुल रहमान पर बड़ा खुलासा हुआ है। सूत्रों के मुताबिक अयोध्या के राम मंदिर पर हमला करने की साजिश के अलावा अब्दुल रहमान का इरादा प्रयागराज महाकुंभ में भी माहौल खराब करना था। लेकिन प्रयागराज में भारी पुलिस फोर्स के चलते अब्दुल रहमान का ये प्लान फेल हो गया था। अब्दुल रहमान हवाला के जरिये आतंकी हमले करने के लिए पैसा भी पहुंचा रहा था। एजेंसियां अब उसके मनी ट्रेल की जांच में जुट गई हैं। सूत्रों के मुताबिक अब्दुल रहमान पिछले करीब डेढ़ साल से पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के टच में था। अब्दुल रहमान पाकिस्तान की आईएसआई और उसके भारत में नफरत फैलाने वाले लोगों के पेज से इंस्ट्राग्राम अकाउंट्स के जरिये जुड़ा। इसके बाद अब्दुल रहमान अपने इंस्टाग्राम पर तालिबान के कई पोस्ट डाले थे। जिसके बाद उसे खुद इंस्ट्राग्राम पर पाकिस्तानी आईएसआई ने रिक्रूट कर लिया। सूत्रों के मुताबिक कुछ पैसा भी हवाला के जरिए अब्दुल रहमान को इस दौरान मिला था। जिसकी मनी ट्रेल की जांच के लिए अब्दुल रहमान से कड़ी पूछताछ जारी है। आतंकी ने खुलासा किया कि वो लगभग 1 साल से आतंकियों के संपर्क में था। वो दिल्ली मरकज में जाने के बाद जमात के संपर्क में आया। जिसके बाद ये विशाखापटनम समेत देश के कई हिस्सों में गया था। 1 मार्च को हुक्म आने पर अयोध्या से निकला। घर पर बताया कि दोस्त के पास काम से जा रहा हूं। चार अप्रैल को इसे वापस पहुंचना था।

**साजिश**



**कई वीडियो पोस्ट किए** - आरोपी के पास से रियलमी और वनप्लस कंपनी के ये दो मोबाइल बरामद किए हैं। इन दोनों मोबाइल से ही सोशल मीडिया फेसबुक व इंस्टाग्राम अकाउंट चलाता था। अपने इंस्ट्राग्राम पेज पर डाले गए पोस्ट के वीडियो में अब्दुल रहमान लोगों को मुजाहिद बनाने की बात कर रहा है। अपने दूसरे वीडियो में वह कह रहा है कि अगर मरना पड़े तो दो- चार को लेकर मरना। एक तीसरे वीडियो में वो कह रहा कि मेरी एक जमात हिंदुस्तान में जिहाद करेगी। एक और वीडियो में वो कह रहा है कि मोमिनों हथियार लेकर निकला करो। इस मामले में सेंट्रल एजेंसियां फरीदाबाद में अब्दुल रहमान से पूछताछ कर रही हैं।

#### शंकर बनकर रह रहा था रहमान

अदालत ने अब्दुल रहमान को 10 दिनों की पुलिस रिमांड पर भेजा है। सुरक्षा एजेंसियों को उसकी भनक न लगे इसलिए खुद के सोशल मीडिया पेज पर अपना फोटो लगाकर अब्दुल रहमान ने चेहरे को ब्लर कर रखा था। बताया जा रहा है कि अब्दुल रहमान अबू बकर, फरीदाबाद के पाली गांव में 'शंकर' के नाम से एक पुराने घर में छिपकर रह रहा था। जब अधिकारियों ने उससे संपर्क किया तो उसने भागने की कोशिश की, लेकिन उसे पकड़ लिया गया। उसके अरेस्ट होने के बाद पुलिस ने इस मामले में रहमान के एक संदिग्ध साथी और एक ठिकाने का पता चला, जहां उन्हें आईएसआई के हैंडलर्स द्वारा इस्लामिक स्टेट ऑफ खुरासान प्रोविंस से जुड़े नेटवर्क के माध्यम से प्रदान किए गए दो हैंड ग्रेनेड मिले। ऐसे में पूर्वांचल से पाकिस्तान की एंट्री हुई है।

# भिक्षा लेने और देने पर केस दर्ज नहीं होंगे, भिक्षुकों का रेस्क्यू जारी रहेगा

संवाददाता ● इंदौर

भिक्षा मुक्त इंदौर अभियान के तहत भीख मांगने और देने वाले दोनों पर आपराधिक प्रकरण दर्ज करने के लिए कलेक्टर आशीष सिंह ने आदेश जारी किया था। 2 जनवरी को जारी किया गया यह आदेश 28 फरवरी को समाप्त हो गया। इसके बाद से शहर में एक बार फिर भिक्षावृत्ति नजर आने लगी है। शनिवार, मंगलवार और अन्य विशेष अवसरों पर मंदिरों के बाहर भिक्षुकों की भीड़ बढ़ने लगी है। प्रशासन की सख्ती के दौरान तीन लोगों के खिलाफ भीख मांगने और देने पर प्रकरण दर्ज किया गया था।

भिक्षा मुक्त इंदौर अभियान की सराहना न केवल देश में बल्कि विदेशों में भी हो चुकी है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पिछले वर्ष इस अभियान की शुरुआत की गई थी। पहले चरण में भिक्षुकों को समझाइश दी गई और उसके बाद उनके पुनर्वास के प्रयास किए गए। इस दौरान 700 वयस्क भिक्षुकों को सेवाधाम आश्रम भेजा गया, जबकि भिक्षावृत्ति से जुड़े 60 से अधिक बच्चों का स्कूल में दाखिला करवाया गया। भिक्षुकों की जानकारी देने वालों को मिले एक हजार रुपए इस अभियान में प्रशासन ने एक नवाचार भी किया। भिक्षावृत्ति से जुड़ी सूचना देने वालों को 1 हजार रुपये के इनाम की घोषणा की गई, जिसके बाद प्रशासन को हर दिन इस तरह की सूचनाएं मिलने लगीं। अब तक 28 लोगों को प्रशासन ने इनाम देकर सम्मानित किया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी राम निवास बुधौलिया के अनुसार, इस अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। हालांकि, कुछ स्थानों पर अब भी भिक्षावृत्ति की सूचना मिल रही है, जिन्हें तुरंत रेस्क्यू किया जा रहा है। 28 फरवरी से खत्म हुई सख्ती इस अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए कलेक्टर आशीष सिंह ने 2 जनवरी से 28 फरवरी तक प्रतिबंधात्मक आदेश लागू किया था। इसके तहत भीख मांगने और देने दोनों को अपराध माना गया और भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के तहत प्रकरण दर्ज करने का प्रावधान किया गया। इस सख्ती के चलते इंदौर में भिक्षावृत्ति लगभग पूरी तरह समाप्त हो गई थी।

## 29 मोबाइल, 2 लैपटाप, सात चेकबुक, एटीएम कार्ड जब्त

# ऑनलाउन गेमिंग सट्टा संचालित करने वाले 6 आरोपी गिरफ्तार...

### वरुण ऑनलाइन हब वेबसाइट की आईडी बना देते थे

संवाददाता ● इंदौर

कार्रवाई

अपराध शाखा ने ऑनलाइन सट्टा लगाने वाले छह सदस्यीय गिरोह को पकड़ा है।ये आरोपी वेबसाइट के माध्यम से सट्टा लगा रहे थे। पुलिस को करोड़ों रुपये का हिसाब मिला है। 29 मोबाइल,दो लैपटाप सहित अन्य सामग्री भी जब्त हुई है। इंदौर क्राइम ब्रांच के डीसीपी राजेश कुमार त्रिपाठी ने ऑनलाइन गेमिंग सट्टा संचालित करने वाले ठिकाने पर की गई कार्रवाई की जानकारी देते हुए बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम को मुखबिर द्वारा सूचना मिली थी कि उषा गंज स्थित एक मकान के दूसरे फ्लोर पर एक फ्लैट में कुछ युवक ऑनलाइन गेमिंग सट्टा संचालित कर रहे हैं तत्काल ही सूचना मिलते ही क्राइम की टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे फ्लैट पर दबिश दी। तो वहां पर 6 युवक ऑनलाइन गेमिंग सट्टा संचालित करते मिले पुलिस ने वहा से 6 आरोपियों को गिरफ्तार का पूछताछ कि तो उन्होने बताया की उनके द्वारा लिंग के तो माध्यम से वरुण ऑनलाइन हब वेबसाइट पर रुपए पैसों से हार जीत का दाव लगा कर सट्टा खिलाया जाता था एवं आरोपियों ने अपनी पूछताछ में आगे ओर बताया कि जिन ग्राहकों को सट्टा लगाना रहता था उनसे पेमेंट अलग-अलग बैंक खातों में प्राप्त कर उन्हें लिंक भेज कर वरुण ऑनलाइन हब वेबसाइट की आईडी और पासवर्ड ग्राहकों को देते थे पकड़े गए आरोपी अलग-अलग राज्यों के रहने वाले हैं जो इंदौर में बैठकर एक बड़े पैमाने पर ऑनलाइन गेमिंग सट्टा संचालित कर रहे थे आरोपियों के कब्जे से ऑनलाइन गेमिंग संचालित करने में उपयोग किए जाने वाले लैपटॉप मोबाइल वह अन्य सामग्री को क्राइम ब्रांच पुलिस ने जप्त किया है।



## शॉर्ट न्यूज

### मौत से जुड़ा सीसीटीवी वीडियो वायरल.. पुलिस ने किया मामला दर्ज...

इंदौर। बाणगंगा थाना क्षेत्र में बस चालक की लापवाही से चलने के चलते एक बुजुर्ग की मौत हो गई वही मौत से जुड़ा हुआ सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है जिस पर से पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है बस बाणेश्वरी ग्रुप की बताई जा रही है। इंदौर में यातायात नियमों को लेकर विभाग द्वारा कई तरह के कदम उठाए जाते हैं ताकि किसी तरह की कोई दुर्घटना घटित ना हो लेकिन इंदौर से उज्जैन रोड पर तमाम बस चालको की लापरवाही इतनी ज्यादा है कि आये दिन हादसे जैसी घटनाएं सामने आती हैं और इसे ही एक तस्वीर सामने आई है पूरी घटना नजदीक लगे हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है जिसमें साफ तोर पर नजर आ रहा है कि बस चालक कितनी लापरवाही और तेजी से बस को संचालित करते हुए एक साइकिल सवार बुजुर्ग को टक्कर मारता हुआ आगे बढ़ता है।

### दंपत्ति के बीच विवाद, पत्नी ने खाया जहर, पति ने खुद को गोली मारी

इंदौर। पति-पत्नी के बीच हुए विवाद के बाद दोनों ने खुद को खत्म करने का फैसला लिया, लेकिन पत्नी बच गई और पति की मौत हो गई। विवाद के बाद पत्नी ने जहर खा लिया था, उसकी हालत गंभीर है औरअस्पताल में भर्ती है। पत्नी के जहर खाने के बाद पति ने खुद को गोली मार ली। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिवार में दो बेटे है। दोनो बेटों को पता नही कि माता-पिता के बीच किस बात को लेकर विवाद हुआ घटना बाणगंगा क्षेत्र की है। यहां रहने वाले अजब सिंह राजपूत का पत्नी बबीता से विवाद हुआथा। दोनों के बीच चल रही बहस के बीच बबीता ने जहर खा लिया। अजब सिंह ने भी 12 बोर की बंदूक से खुद को गोली मार ली। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और बबीता को अस्पताल पहुंचाया। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

### बर्तन साफ करने का पावडर बेचने के नाम पर ठगी

इंदौर। बाणगंगा पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ पहचान छुपाकर कमरा किराए पर लेने और महिलाओं से ठगी के मामले में केस दर्ज किया है। आरोपी ने लोगों को काम पर रखा, लेकिन सैलरी दिए बिना भाग गया। पुलिस अब आरोपी की तलाश कर रही है। बाणगंगा पुलिस ने ग्यारसीलाल कैथवास, निवासी भागीरथपुरा की शिकायत पर अभिषेक बोरिया उर्फ संदीप गुप्ता, निवासी त्रिमूर्ति नगर, भोपाल के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी अभिषेक बोरिया ने कुछ माह पहले ग्यारसीलाल से कमरा किराए पर लिया था। किरायेदारी का एग्रीमेंट करने के लिए संदीप पुत्र राहुल गुप्ता, निवासी कृष्णा आर्केड, भोपाल के डॉक्यूमेंट्स की फोटो कॉपी दी। जिसमें फोटो अभिषेक का लगा हुआ था।

# डीडवाना महिला मंडल में कार्यसमिति का गठन पदाधिकारियों को दिलाई शपथ



संवाददाता ● इंदौर

कार्यक्रम

माहेश्वरी डीडवाना महिला मंडल का शपथ समारोह आयोजित किया गया। समारोह में समाजसेवी एवं उद्योगपति चंद्रभागा तापड़िया ने अध्यक्षता की। वैश्य समाज की प्रदेश मंत्री सुनीता गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में नवीन पदाधिकारियों और कार्यसमिति सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में सामाजिक कार्यक्रमों के साथ-साथ समाज उत्थान, बच्चों की शिक्षा और कन्याओं के विवाह के लिए प्रयास करने का आह्वान किया। माहेश्वरी डीडवाना महिला मंडल का शपथ समारोह आयोजित किया गया। समारोह में समाजसेवी एवं उद्योगपति चंद्रभागा तापड़िया ने अध्यक्षता की। वैश्य समाज की प्रदेश मंत्री सुनीता गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में नवीन पदाधिकारियों और कार्यसमिति सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में सामाजिक कार्यक्रमों के साथ-साथ समाज उत्थान, बच्चों की शिक्षा और कन्याओं के विवाह के लिए प्रयास करने का आह्वान किया। संयोजक सुनीता भांगड़िया, अन्नपूर्णा मूंदड़ा और ज्योति नागौरी ने "बसंती फागुन" तंबोला और मनोरंजक खेलों का आयोजन किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष आशा सिंगी और सचिव ज्योति मुछाल ने आगामी सत्र की कार्य योजना प्रस्तुत की। कार्यक्रम में संस्थापक अध्यक्ष मंजु भलिका, प्रचार सचिव रानी राठी , शोभा पसारी, ऊषा काबरा, शशि पटवा, वीणा सोनी, पूजा मूंदड़ा और पूनम मालपानी सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।



# राष्ट्रीय लाइनमैन दिवस, इंदौर सहित 40 कार्यालयों में लाइनमैन सम्मानित

संवाददाता ● इंदौर

मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) में 4 मार्च को राष्ट्रीय लाइनमैन एवं राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर इंदौर सहित कंपनी के 40 ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस कार्यालयों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। टीएलएम मुख्यालय इंदौर में मुख्य अभियंता अतुल जोशी की उपस्थिति में लाइनमैनों को सम्मानित किया गया। सभी कार्यालयों में कर्मचारियों ने जीरो हार्म थीम पर सुरक्षा की शपथ ली। प्रबंध संचालक इंजीनियर सुनील तिवारी के संदेश का वाचन किया गया। एमपी ट्रांसको के प्रबंध संचालक तिवारी ने कहा कि कंपनी के लाइन मेंटेनेंस कर्मी 24x7 सजगता से अपना कार्य करते हैं। उन्होंने बताया कि निर्बाध विद्युत आपूर्ति के कारण एमपी ट्रांसको देश की सर्वश्रेष्ठ कंपनियों में शामिल है। तिवारी ने ट्रांसमिशन कार्मिकों को प्रथम पंक्ति का कर्मचारी बताते हुए कहा कि वे जटिल भौगोलिक और विपरीत मौसम की चुनौतियों का सामना करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं।

## जीवन के अंधकार भरे क्षणों में

# ज्योतिर्लिंग के दर्शन-पूजन मात्र से कल्याण का आलोक फैलता है : शंकराचार्यजी



संवाददाता ● इंदौर

शिव का नाम, रूप स्वरूप, दर्शन और श्रवण भी कल्याणकारी है। शिव नाम ही कल्याण का पर्याय है। सृष्टि के नियंता होने के नाते भगवान शिव द्वारा स्थापित द्वादश ज्योतिर्लिंग भारत भूमि के अलग-अलग अंचलों में स्थापित करने के पीछे मूल भाव यही है कि प्राणी मात्र के पापों का नाश हो, उनके कष्टों का निवारण हो और वे अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति कर गृहस्थ जीवन के दायित्वों का पूरी निष्ठा के साथ पालन कर सकें। जीवन के अंधकार भरे क्षणों में ज्योतिर्लिंग के दर्शन-पूजन मात्र एवं शिव के नाम स्मरण से ही कल्याण का आलोक फैलने से व्यक्ति का उद्धार हो जाता है।

जगदगुरू शंकराचार्य, भानपुरा पीठाधीश्वर स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ ने मंगलवार को विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम परिसर में ओम जय-जय अम्बे भक्तजन मंडल एवं श्री श्रीविद्याधाम परिवार द्वारा आयोजित श्री शिव पुराण कथा में उपस्थित भक्तों को द्वादश ज्योतिर्लिंग की कथा और महिमा सुनाते हुए उक्त दिव्य विचार व्यक्त किए। कथा शुभारंभ के पूर्व आयोजन समिति की ओर से आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य में ओ.पी. गौतम, उदय लक्ष्मण जाधव, लक्ष्मीनारायण राठौर, श्रीमती निर्मला दीनदयाल अग्रवाल एवं राजेन्द्र झार आदि ने व्यासपीठ का पूजन किया। इसके पूर्व सुबह भगवान परशुराम के मंदिर की साक्षी में जे.पी. सिंह, रमेश उपाध्याय, मंगल पांडे, श्रीमती रमा मुकेश सोमानी एवं राम बहादुर पटेल ने यज्ञ-हवन में भाग लिया। कथा 9 मार्च तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सांय 6 बजे तक विद्याधाम परिसर में होगी।

शंकराचार्यजी ने द्वादश ज्योतिर्लिंग की महत्ता बताते हुए कहा कि सोमनाथ के दर्शन एवं पूजन से कुष्ट एवं क्षय रोग का नाश होता है। मल्लिकार्जुन के दर्शन से भक्त की मनोवांछित कामनाएं पूरी होती है। महाकालेश्वर के दर्शन और पूजन से मनोकामनाएं पूरी होकर शत्रु बाधाएं दूर होती है। ओंकारेश्वर और ममलेश्वर के दर्शनों से भक्तों को अभिष्ट फल की प्राप्ति होती है। केदारेश्वर के दर्शन-पूजन से सभी मनोरथ पूर्ण होते हैं। भीमाशंकर के दर्शन से भक्तों को सताने वाले दैत्यों एवं असूरी ताकतों से मुक्ति, काशी विश्वनाथ के दर्शन से कर्म बंधनों से मुक्ति, त्रयंबकेश्वर के दर्शन से निर्भयता, बैजनाथ ज्योतिर्लिंग के दर्शन से मोक्ष की प्राप्ति,नागेश्वर धाम के पूजन से दुष्टों का दमन, रामेश्वर के दर्शन और पूजन से भक्तों के मनोरथ एवं संकल्पों की पूर्ति तथा घृष्णेश्वर के दर्शन और पूजन से भक्तों की रक्षा होती है।

# नर्मदा परिक्रमा के नाम पर तीन लाख ठगे

संवाददाता ● इंदौर

मामला

कनाडिया पुलिस ने 12 लोगों से नर्मदा परिक्रमा के नाम पर होटल, टिकट व घूमने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपियों पर केस दर्ज किया है। पीड़ित गूगल पर एक वेबसाइट के माध्यम से आरोपियों के संपर्क में आए थे। इसके बाद उन्होंने ऑनलाइन रुपए जमा कर दिए। बाद में पता चला कि उनके नाम से कोई बुकिंग नहीं हुई है।

कनाडिया पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार विवेक राजहंस, अंकित शर्मा,अभिषेक और नित्या नागर सहित करीब 12 लोगों के साथ 3 लाख 26 हजार की ठगी के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। 23 फरवरी को मामले में शिकायत की गई। जिसमें बताया गया कि ट्रैवल अरेंजमेंट कंपनी यात्रा सागा के द्वारा अलग-अलग अकांउट नंबरों में रुपए जमा कराए गए। पुलिस ने अकाउंट नंबर के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## एक दर्जन से ज्यादा लोगों को बनाया शिकार




### छतीसगढ़-उत्तरप्रदेश के अकाउंट में गए रुपए

नर्मदा परिक्रमा यात्रा के नाम पर लेकर होटल, वाहन एवं अन्य बुकिंग कर पीड़ितों को वॉट्सऐप पर रसीद भेजी गई। उन्होंने जब होटल और ट्रेवल्स पर संपर्क किया तो उन्होंने ऐसी कोई भी बुकिंग होने से इनकार कर दिया। पीड़ितों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने सरोज पुत्र चन्द्र प्रकाश, निवासी अडोरी मथुरा, जिला विजयपुर उत्तर प्रदेश और राजेन्द्र प्रसाद, निवासी अशोक नगर, सीपत रोड, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ के अकाउंट मे रुपए जमा कराए थे।

### इस नाम से कोई ऑफिस नहीं

आरोपियों ने किश्तों में रुपए डलवाए और बताया कि 20 फरवरी को उन्हें पिक कर बताई गई जगह पर ड्राप किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने गूगल से website_www. yatrasaga. com कंपनी का पता स्कीम नंबर 140 बताया। हालांकि बाद में मोबाइल नंबर 8449606954 पर कॉल उठाना बंद कर दिए गए। मौके पर जाकर देखा तो बिल्डिंग में इस नाम से कोई ऑफिस नहीं मिला।

## गांधी हाल में 22 मार्च से प्रारंभ होने वाले अ.भा. परिचय सम्मेलन की तैयारियों के लिए आयोजित बैठक में लिए गए अनेक निर्णय

# अग्रवाल सम्मेलन के लिए अब तक 1 हजार से अधिक प्रविष्ठियां मिलीं

**परिचय सम्मेलन में बिना दहेज के विवाह करने का संकल्प लेने वाले तथा मंच पर आकर अपना परिचय देने वाले प्रत्याशियों का सम्मान करने का निर्णय भी लिया गया है।**

संवाददाता ● इंदौर

निर्णय

अग्रवाल समाज की अग्रणी संस्था श्री अग्रवाल महासभा की मेजबानी में समाजसेवी स्व. मिश्रीलाल गोयल की स्मृति में आयोजित किए जाने वाले निशुल्क अ.भा. युवक-युवती परिचय सम्मेलन के लिए अब तक एक हजार से अधिक प्रविष्ठियां देश के 10 उत्तर भारतीय राज्यों से प्राप्त हो चुकी हैं। इनमें 466 युवती एवं 550 युवक प्रत्याशी शामिल हैं। सभी उच्च शिक्षित एवं अपने –अपने कारोबार में स्थापित प्रत्याशी हैं। परिचय सम्मेलन में बिना दहेज के विवाह करने का संकल्प लेने वाले तथा मंच पर आकर अपना परिचय देने वाले प्रत्याशियों का सम्मान करने का निर्णय भी लिया गया है। इसी तरह ग्रीष्मकाल में मूक परिंदों के लिए अपने-अपने घरों पर पानी के सकोरे रखने हेतु सकोरों का वितरण भी किया जाएगा।

महासभा के समन्वयक संतोष गोयल, अध्यक्ष डॉ. सतीश गोयल और महामंत्री अजय बंसल एवं मनीष जैन ने बताया कि मंगलवार को यशवंत निवास रोड स्थित महासभा के कार्यालय पर अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के पूर्व अध्यक्ष गोविंद सिंघल के आतिथ्य में आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि परिचय सम्मेलन में आने वाले प्रत्याशियों के परिचय की पुस्तिका का प्रकाशन नवीन गोयल एवं श्याम गोयल के टीम द्वारा किया जाएगा। इसी तरह समाजसेवी एल.बी. अग्रवाल, सुशील गोयल एवं उनके साथी भी विभिन्न व्यवस्थाएं संभालेंगे।



बैठक में अब तक प्राप्त प्रविष्ठियों की जानकारी देते हुए समन्वयक संतोष गोयल ने बताया कि गांधी हॉल में 22 से 24 मार्च तक होने वाले इस 32वें परिचय सम्मेलन के लिए अब तक 1016 प्रविष्ठियां प्राप्त हो चुकी है । इनमें 466 युवती एवं 550 युवक प्रत्याशी शामिल हैं। अधिकांश प्रत्याशी सीए, एमबीए, डॉक्टर्स, इंजीनियर्स, एमसीए, सीएस, उच्च शिक्षित एवं अन्य स्वयं के कारोबार में स्थापित हैं। अब तक गुजरात, दिल्ली, राजस्थान, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश सहित 10 राज्यों से प्रविष्ठियां आईं है। प्रविष्ठियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि 10 मार्च निर्धारित की गई है।

उन्होंने बताया कि सम्मेलन की दिव्यता एवं पिछले 31 बरसों की परंपरा को देखते हुए सम्मेलन स्थल पर आने वाले मेहमानों के लिए रियायती शुल्क पर स्वल्पाहार एवं भोजन की व्यवस्था के साथ ही कुंडली मिलान, कम्प्यूटर, फोटोकापी, खोया-पाया, पूछताछ, परिचय पुस्तिका वितरण, सुरक्षा, पेयजल, साफ-सफाई, प्राथमिक चिकित्सा एवं अन्य समुचित प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे हैं। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि मातृशक्ति से जुड़ी व्यवस्थाएं श्रीमती उर्मिला गोयल, पुष्पा गुप्ता एवं पिंकी अग्रवाल संभालेंगी। बैठक में बिना दहेज के विवाह करने की घोषणा करने वाले प्रत्याशियों के साथ ही मंच पर आकर अपना परिचय देने वाले उम्मीदवारों का सम्मान करने का निर्णय भी लिया गया। इसी तरह हर वर्ष की तरह ग्रीष्मकाल में मूक परिंदों की जल सेवा के उद्देश्य से समाजबंधुओं को सकोरों का निशुल्क वितरण करने का निर्णय भी लिया गया।

## उम्मीदः जनसुनवाई में वास्तविक शिकायतों की संख्या बढ़ेगी

# शिकायत करने वालों के अवैध निर्माणों भी जांच की जाएगी

संवाददाता ● इंदौर

नगर निगम में जनसुनवाई के दौरान 70 प्रतिशत से ज्यादा शिकायतें अवैध निर्माण से जुड़ी आ रही हैं। इसके अलावा शिकायत के बाद कई लोग भवन निर्माताओं को ब्लैकमेल भी करते हैं। इसे देखते हुए निगमायुक्त ने अब अफसरों को निर्देश दिए हैं कि शिकायतकर्ता के अवैध निर्माणों की भी जांच की जाए। निगमायुक्त शिवम वर्मा ने कहा कि अवैध निर्माण की शिकायत लेकर आने वाले लोगों के निर्माणों की भी जांच की जाएगी और यह देखा जाएगा कि उन्होंने वैध निर्माण किया है या अवैध? इसके साथ ही उनके द्वारा की गई कि शिकायत की भी जांच की जाएगी।

उम्मीद

दरअसल, जनसुनवाई में ज्यादातर शिकायतें पड़ोसी अवैध निर्माणों को लेकर करते हैं। जब अमला जांच के लिए जाता है तो फिर दोनों पक्ष एक-दूसरे की शिकायतें करते हैं। जनसुनवाई में आने वाली शिकायतें कई बार जोनल स्तर पर भेज दी जाती हैं। प्राप्त शिकायती आवेदनों के आधार पर जांच के लिए जोन के कर्मचारी बार-बार मौके पर पहुंचते हैं। इसे लेकर कई बार भ्रष्टाचार के आरोप भी लग चुके हैं। इसे देखते हुए निगमायुक्त ने यह फैसला लिया है। इस आदेश के बाद उम्मीद है कि जनसुनवाई में वास्तविक शिकायतों की संख्या बढ़ेगी और फर्जी शिकायतों में कमी आएगी।

**तत्काल कराया निराकरण** - इसके अलावा ड्रेनेज के मामले, बिल्डिंग परमिशन, अवैध निर्माण की शिकायतें आईं। उन पर हम कार्रवाई भी करवा रहे हैं। साथ ही जो आवेदन आए हैं उनका भी निराकरण करवाया जा रहा है। कुछ पेंशन से संबंधित मामले आए थे, उनका तत्काल समाधान करा दिया गया है। उनकी केवाईसी लेकर उसे पूर्ण करा दिया है। अब उन्हें पेंशन मिलने लगेगी।

**36 से ज्यादा आवेदन आए, कर्मचारियों का वेतन काटने को कहा** - नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने बताया कि मंगलवार को जनसुनवाई में 36 से ज्यादा आवेदन आए। इसमें स्थापना संबंधित विषय भी आए थे। जिसमें कुछ लोग ट्रांसफर के आवेदन लेकर आए थे। उन्हें कहा गया है कि आवेदन लेकर जनसुनवाई में नहीं आना चाहिए। जनता की समस्या को लेकर ये जनसुनवाई होती है। इसमें हमारे कर्मचारियों के ट्रांसफर या अन्य समस्या लेकर नहीं आना चाहिए। हमने उन पर कार्रवाई भी की है कि वे बिना अनुमति इस प्रकार जनसुनवाई में उपस्थित हुए थे। उन पर वेतन काटने की कार्रवाई की गई है।



### जनसुनवाई में पहुंची 90 वर्षीय महिला

जनसुनवाई के दौरान 90 वर्षीय बुजुर्ग महिला अपनी समस्या लेकर पहुंची, उक्त महिला ग्यारसी बाई को उनकी पडोसन सहारा देकर जनसुनवाई तक लेकर आई थी तथा वृद्ध महिला के परिवार में कोई देख-रेख करने वाला नही होने से वृद्धा ने इलाज के लिए आयुक्त से आग्रह किया, वृद्ध बुजुर्ग महिला की स्थिति देखते हुए, आयुक्त श्री वर्मा अपनी कुर्सी छोडकर महिला के पास पहुंचे और उन्हे हर संभव मदद दिलाने के संबंधित को निर्देश दिये तथा वृद्ध महिला के ईलाज के लिये स्वंय के पास के कुछ राशि भी दी गई।

### मंगलवार को जनसुनवाई में शिकायतें लेकर पहुंचे कालरा

पार्षद जीतू यादव से हुए विवाद के बाद चर्चा में आए सिंधी कॉलोनी वार्ड के पार्षद कमलेश कालरा मंगलवार को जनसुनवाई में आए। उन्होंने वार्ड से जुड़ी शिकायतें निगमायुक्त को बताईं। निगमायुक्त ने पार्षद से कहा कि- निगम की टीम वार्ड में अवैध कब्जे हटाने जाए तो फिर रुकवाने के लिए फोन मत करना। उन्होंने अफसरों से कहा कि कालरा के वार्ड से अतिक्रमण हटा दो, वार्ड को



आदर्श बना दो। खातीवाला टैंक में अवैध निर्माण, जोशी कॉलोनी में बेक लेन में अवैध निर्माण, सिंधी कॉलोनी नाले पर अवैध पक्के निर्माण, खातीवाला टैंक मधुरम अपार्टमेंट में अवैध निर्माण , कालरा ने आयुक्त से ये भी कहा कि इन मामलों की वे पहले शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अभी तक कार्रवाई नहीं हुई। खास बात ये है कि पार्षद ने ये बात खुद अपने द्वारा दिए गए सभी आवेदनों में लिखी है।

## शॉट न्यूज

### एनसीपी का प्रदेश सम्मेलन इंदौर में होगा

इंदौर। अजित पवार का होगा नागरिक अभिनंदन, प्रफुल्ल पटेल और बृजमोहन श्रीवास्तव भी होंगे सम्मानित राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) की प्रदेश कार्य समिति की बैठक इंदौर कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। सर्वसम्मति से यह तय किया गया कि इंदौर में प्रदेश सम्मेलन का आयोजन होगा। इसकी तारीख जल्द ही तय की जाएगी। इस दौरान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजित पवार का नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल और राष्ट्रीय महासचिव बृजमोहन श्रीवास्तव सहित अन्य राष्ट्रीय नेताओं को भी सम्मानित किया जाएगा। बैठक में पार्टी की विचारधारा को प्रदेश में मजबूत करने की रणनीति पर चर्चा हुई। आगामी विधानसभा और पंचायत चुनावों में उम्मीदवार उतारने का निर्णय लिया गया।

### पुणे और ग्वालियर के लिए स्पेशल ट्रेनें शुरू

**इंदौर**। गर्मियों की छुट्टियों को देखते हुए रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेनों की घोषणा शुरू कर दी है। रतलाम मंडल से होकर चार विशेष ट्रेनों का संचालन किया जाएगा, जिनमें से एक इंदौर-पुणे स्पेशल ट्रेन भी है। यह ट्रेन 5 मार्च से 25 जून तक प्रत्येक बुधवार को इंदौर से रवाना होगी और अगले दिन पुणे पहुंचेगी। इंदौर-पुणे-इंदौर स्पेशल ट्रेन (09324) 5 मार्च से 25 जून तक प्रत्येक बुधवार सुबह 11:15 बजे इंदौर से रवाना होगी। रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा में परीक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ग्वालियर-इंदौर-ग्वालियर स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में 13-13 फेरे लगाएगी। ग्वालियर-इंदौर स्पेशल ट्रेन (01825) तत्काल प्रभाव से 11 मार्च तक और 16 व 17 मार्च को ग्वालियर से दोपहर 1 बजे प्रस्थान कर रात 2 बजे इंदौर पहुंचेगी।

### इंदौर शहर में बनेंगे आधुनिक फिश पार्लर

इंदौर। स्वास्थ्य प्रभारी अश्विन शुक्ल ने बताया कि महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं आयुक्त शिवम वर्मा के निर्देशानुसार विगत दिवस नगर निगम एवं मत्स्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शहर में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त फिश पार्लर निर्माण को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि इन फिश पार्लर्स के निर्माण से नागरिकों को ताज़ी और स्वच्छ मछलियों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी तथा स्थानीय व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, यह पहल शहर में स्वच्छता एवं सुव्यवस्थित बाजार व्यवस्था बनाए रखने में भी सहायक सिद्ध होगी। बैठक स्वास्थ्य प्रभारी अश्विन शुक्ल की अध्यक्षता में नगर निगम मुख्यालय पर हुई बैठक में अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, अधीक्षण यंत्री डी. आर. लोधी, मत्स्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के बेटे की बारात इंदौर एयरपोर्ट से गई जोधपुर



संवाददाता ● इंदौर

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के घर अब उनके दूसरे बेटे की शादी का माहौल है। बेटे कार्तिकेय चौहान की

रवाना

बारात सोमवार रात को इंदौर आई और फिर एयरपोर्ट से जोधपुर के लिए रवाना हुई। जोधपुर में 6 मार्च को उम्मेद पैलेस में यह शादी हो रही है।

**बसों से भोपाल से आए बाराती** - बसों से सभी बाराती पहले इंदौर एयरपोर्ट पहुंचे। इसके बाद वह जोधपुर के लिए फ्लाइट से रवाना हुए। वहीं स्वागत के लिए बीजेपी के कई नेता मौजूद रहे और सभी में जमकर उत्साह रहा। फूल मालाओं से इनका स्वागत किया गया।

**यह सभी नेता पहुंचे** - मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मंत्री तुलसीराम सिलावट के साथ ही विधायक मालिनी गौड़, उनके पुत्र एकलव्य गौड़, विधायक महेंद्र हार्डिया, विधायक मधु वर्मा, विधायक गोलू शुक्ला, नगराध्यक्ष सुमित मिश्रा, पूर्व नगराध्यक्ष गौरव रणदिवे, सावन सोनकर सहित कई नेता पहुंचे थे। इसके पहले बारात को पहले इंदौर के एक होटल में ठहराया गया था। फ्लाइट देर रात की थी फिर सभी एयरपोर्ट गए। हाल ही में शिवराज सिंह चौहान के छोटे पुत्र का विवाह भोपाल में संपन्न हुआ था।

## भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा इंदौर महानगर द्वारा मनाया गया फाग उत्सव



इंदौर। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा जावरा कंपाउंड स्थित भाजपा कार्यालय पर फाग उत्सव मनाया गया महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष श्रीमती शैलजा मिश्रा ने बताया कि महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाया एवं फूलों की होली भी खेली गई। मीडिया प्रभारी रितेश तिवारी ने बताया,कार्यक्रम में उपस्थित विधायक उषा ठाकुर ने कहा कि फाग उत्सव सामाजिक समरसता का महापर्व है हमारे सारे पर्व सनातन को मजबूत करते है । महिला दिवस के उपलक्ष में आज सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान भी किया जा रहा है भारतीय जनता पार्टी मातृशक्ति के प्रति अति संवेदनशील है महिलाएं परिवार में संस्कार का भाव जागृत करें। भारतीय जनता पार्टी की पंच निष्ठा को जीवन में आत्मसात करने का कार्य करें आने वाली पीढ़ी मजबूत बने अच्छा आचरण कर भगवान राम और कृष्ण जैसे हमारे बच्चे बने। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा कि महिला मोर्चा द्वारा होली महोत्सव एवं संक्रांति महोत्सव का आयोजन किया जाता है जो अपने आप में अद्भुत होते है साथ ही श्री मिश्रा ने कहा कि महिला मोर्चा की बहनों के आशीर्वाद से हमें कार्य करने की शक्ति प्राप्त होती है।

### राशन के साथ ही मिलेंगे गुणवत्तापूर्ण दुग्ध उत्पाद और अन्य पोषण सामग्रिया

# पायलेट प्रोजेक्ट के तहत प्रदेश में पहली बार इंदौर में हो रही है यह व्यवस्था



संवाददाता ● इंदौर

इंदौर जिले में उपभोक्ताओं के हित में और उचित मूल्य दुकानों को आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने के लिए शासन-प्रशासन द्वारा नवाचार किया जा रहा है। कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशन में जिले में शासकीय उचित मूल्य दुकानों की सूरत और सीरत बदलने लगी है। अब शासकीय उचित मूल्य दुकानों से उपभोक्ताओं को राशन के साथ ही गुणवत्तापूर्ण दुग्ध उत्पाद और अन्य पोषण सामग्रियाँ भी उचित मूल्य पर देने की व्यवस्था शुरू की जा रही हैं। इन दुकानों से जैविक उत्पाद भी उपलब्ध कराये जाने की योजना है। साथ ही होम डिलेवरी के माध्यम से भी उक्त सामग्री पहुँचाने की व्यवस्था भी बनाई जा रही है। पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में प्रदेश में पहली बार यह व्यवस्था इंदौर से प्रारंभ हो रही है।

जिला आपूर्ति नियंत्रक मारू के मुताबिक सरकारी राशन की दुकानों को पोषण केंद्रों में बदलने की यह एक अभिनव पहल है। इसका मकसद, लोगों को पोषण से भरपूर खाद्य पदार्थ मुहैया कराना है। उपभोक्ता भंडार के विक्रेता द्वारा पोषण संबंधी विशेष तौर पर उचित दर एवं क्वालिटी के साथ दी जाने का प्रयास किया जाता है। उचित मूल्य की सभी दुकानों से गुणवत्तायुक्त दूध, दही, पनीर आदि उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए विशेष फ्रीजर का इस्तेमाल किया जायेगा। जन पोषण केंद्र के माध्यम से उपभोक्ताओं को मोटा अनाज, दालें इत्यादि सामग्री होम डिलीवरी से भी देने की तैयारी अंतिम चरण में है। उचित मूल्य की दुकानों पर जन पोषण केन्द्र शुरू हो जाने के बाद उपभोक्ताओं को तो लाभ होगा ही, इसके साथ ही राशन डीलरों की आय में भी वृद्धि होगी और लोगों को पोषण से भरपूर खाद्य पदार्थ मिलेंगे।

#### 30 उचित मूल्य दुकानों का चयन

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं सार्वजनिक वितरण विभाग भारत सरकार द्वारा पायलट प्रोजेक्ट अंतर्गत मध्यप्रदेश में इंदौर जिले की 30 उचित मूल्य दुकानों का चयन किया गया है। उल्लेखनीय है कि उचित मूल्य दुकानों के डीलर्स को पांच दिवसीय प्रशिक्षण विगत 13 से 17 जनवरी को राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान नंदा नगर सुखलिया में प्रदान किया जा चुका है। प्रशिक्षण पश्चात सभी विक्रेताओं का ऑनलाइन टेस्ट लिया गया, जिसके पश्चात विक्रेताओं को सर्टिफिकेट वितरित किये गए।

# शास्त्री ब्रिज के डिवाइडर पर लगा दी नुकिली रैलिंग

संवाददाता ● इंदौर

इंदौर अनूठा है अव्वल तो यहाँ विकास के नाम पर पूर्वी क्षेत्र पर ही ध्यान दिया जाता है। 60 साल पहले बने शास्त्री ब्रिज के डिवाइडर पर लोहे की नुकिली रैलिंग लगाने का फैसला नगर निगम ने लिया। इसका काफी विरोध हुआ। 200 मीटर हिस्से में रैलिंग लगा भी दी गई। इसके बाद निगम अफसरों को भी लगा कि इससे हादसे हो सकते है, तब निगमायुक्त शिवम वर्मा के निर्देश पर काम रोक दिया गया।अब मंगलवार से 200 मीटर वाले हिस्से में रैलिंग हटाने का काम शुरू हो गया।

लोगों का कहना है कि गलत फैसले के कारण जनता की कमाई नगर निगम यूं ही खर्च करता है। इससे वाहन चालकों की परेशानी भी बढ़ जाती है। रेलवे पटरी को क्रास करने के लिए शहर का पहला शास्त्री ब्रिज 60 साल पहले बना था। तब ब्रिज फोरलेन बना था, लेकिन अब लगातार ट्रैफिक का दबाव ब्रिज पर बढ़ रहा है। ब्रिज को नया

### विरोध हुआ तो अब हटा रहा निगम



बनाने की मांग भी उठ रही है।

ब्रिज का चौड़ीकरण तो नहीं हुआ, लेकिन नगर निगम के अफसरों ने पुराने ब्रिज से अस्थाई डिवाइडर हटाकर पक्के डिवाइडर बनाकर रैलिंग लगाने का काम शुरू कर दिया था। रैलिंग की डिजाइन भी काफी नुकिली चुनी गई। इससे हमेशा हादसे का खतरा बना रहता । टू लेन ब्रिज होने के कारण वैसे ब्रिज पर वाहनों के बीच की गेप कम रहती है। इस कारण रैलिंग के कारण हादसे बढ़ने की आशंका विशेषज्ञों ने जताई थी। जब अफसरों को गलती समझ आई तो उन्होंने रैलिंग लगाने का काम बीच में ही रोक दिया। दो दिन में 200 मीटर हिस्से में लगाई रैलिंग भी हटा ली जाएगी। शास्त्री ब्रिज काफी पुराना है। उसके कई हिस्से जर्जर हो चुके है। ब्रिज के गांधी हाल वाले हिस्से में प्लास्टर उखड़ने के कारण सरिए भी दिखाई देने लगे है। इसके अलावा फुटपाथ के हिस्से में भी दो माह पहले गेप आ गया था।

### जलप्रदाय विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक संपन्न

# आयुक्त ने दिखाए कड़े तेवर, 3 दिन में हो बोरिंग सुधारने का काम

**बैठक में अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा, कार्यपालन यंत्री संजीव श्रीवास्तव, समस्त एई व सहायक इंजीनियर व अन्य उपस्थित थे।**

संवाददाता ● इंदौर

गर्मी की शुरुआत के साथ ही इंदौर में कई स्थानों पर पानी की समस्या आने लगी है। इसे लेकर नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा के कड़े तेवर देखने को मिले। मंगलवार को उन्होंने स्मार्ट सिटी ऑफिस में जोनवार जलप्रदाय व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक

बैठक

में अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा, कार्यपालन यंत्री संजीव श्रीवास्तव, समस्त एई व सहायक इंजीनियर व अन्य उपस्थित थे।

निगम अधिकारियो व बोरिंग सुधार कार्य में संलग्न एजेंसी के प्रतिनिधि से पुछा कि वर्तमान में बोरिंग सुधार को लेकर प्रतिदिन कितनी शिकायते प्राप्त होती है और कितनी शिकायतो का निराकरण प्रतिदिन किया जाता है, साथ ही विगत 7 दिवस में बोरिंग सुधार



को लेकर कितनी और कैसी शिकायते प्राप्त हुई है, इसकी भी जानकारी ली गई। इस पर बोरिंग सुधार कार्य में संलग्न एजेंसी ने बताया कि शिकायत की जानकारी देते हुए, समस्या के निराकरण की अवधि 4 से 5 दिन बताने पर आयुक्त ने संबंधित को निर्देशित करते हुए, कहा कि किसी भी परिस्थिति में बोरिंग सुधार की प्राप्त शिकायतो को 3 दिवस में निराकरण होना सुनिश्चित किया जावे तथा सुधार कार्य में संलग्न टीम को झोनल कार्यालय में तैनात करने के भी निर्देश दिये गये। आयुक्त वर्मा ने सुधार कार्य 3 दिवस में पूर्ण नही करने की स्थिति में संबंधित एजेंसी के विरूद्ध पेनल्टी लगाने के साथ ही पीएचई एई व एसई का वेतन काटने के भी निर्देश दिये।

### आयुक्त बोले-जोनल ऑफिसमें तैनात करें स्टाफ

आयुक्त वर्मा द्वारा जलप्रदाय व्यवस्था के क्रम में शहर में जलप्रदाय के दौरान गंदे पानी की शिकायत, लीकेज की समस्या आदि के संबंध में भी झोनवार समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान एल एंड टी कंपनी के प्रतिनिधि से वर्तमान में कितने स्टाफ/टीम के साथ कार्य किया जाता है, निराकरण कितने दिनो में होता है की जानकारी लेने के दौरान निगम अधिकारियो द्वारा कार्य में देरी होने की शिकायत प्राप्त होने पर आयुक्त द्वारा एल एंडी टी कंपनी के प्रतिनिधि को आगामी 7 दिवस के पश्चात पुनः जलप्रदाय की समीक्षा बैठक के दौरान कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने तथा कंपनी के स्टाफ व टीम को भी झोनल कार्यालय में तैनात करने के निर्देश दिये गये।

# हैप्पीनेस एक ऐसा मूड है जो सकारात्मक मनोदशा रचता है

मैं एक ऐसे युवा को जानता हूं, जो 2015 में पुणे स्थित एक संगठन में अस्थायी कर्मचारी के रूप में शामिल हुए और नौ वर्षों में पांच पदोन्नतियां हासिल करते हुए उन लोगों को पछाड़ दिया, जो 25-30 वर्षों से वहां काम कर रहे थे।पिछले हफ्ते मैं कंपनी के मालिक से एक डिनर पर मिला तो उनसे पूछा कि उन्होंने उस विशेष कर्मचारी को इतनी बार क्यों पदोन्नत किया? उन्होंने कहा, क्योंकि वह ₹हैप्पीनेस कॉलर' पहनकर कार्यालय आता है! आप सोच रहे होंगे कि यह क्या है? तो आगे पढ़ें। आपने पुणे के पास जुन्नार डिवीजन में खेत-मजदूरों के बारे में सुना होगा, जिन्होंने जान बचाने के लिए ₹सी' आकार का एक नुकीला कॉलर अपनी गर्दन में पहनना शुरू कर दिया है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि तेंदुए आम तौर पर किसी व्यक्ति की गर्दन को पकड़ लेते हैं और अपने दांतों को गहराई तक गड़ाकर उसे मार देते हैं।पिछले पांच वर्षों में उस क्षेत्र में तेंदुए बहुत बढ़ गए हैं। लेकिन आप में से कई लोगों ने निश्चित रूप से देखा होगा कि या तो कार्यस्थल पर इच्छित पदोन्नति और वेतन-वृद्धि न देकर जानबूझकर आपका करियर खत्म किया जा रहा है या ऊपर बताए गए युवा कर्मचारी की तरह कुछ लोगों को हर साल बिना किसी अपवाद के वेतन-वृद्धि और पदोन्नति या दोनों मिलते रहते हैं। क्योंकि वे भी एक खास किस्म की कॉलर पहनते हैं और कॉर्पोरेट में उसे ₹हैप्पीनेस कॉलर' कहा जाता है। तो यह ₹हैप्पीनेस कॉलर' क्या है? इसे धारण करने वाले कर्मचारी तब भी मुस्कराते हैं, जब उनका काम बहुत थका देने वाला होता है। प्रबंधन को लगता है कि वे कार्यालय में ₹हैप्पी वॉरियर्स' हैं। उनकी मुस्कराहट शीर्ष पदों पर बैठे लोगों को संकेत देती है कि वे नकारात्मकता और बर्न-आउट के शिकार नहीं हुए हैं। यदि आप उनसे पूछें कि काम से लदे होने के बावजूद वे क्यों मुस्कराते रहते हैं, तो वे आपको एक और बड़ी स्माइल देंगे, गले लगाएंगे और अपना काम पूरा करने के लिए

> नकी मुस्कराहट शीर्ष पदों पर बैठे लोगों को संकेत देती है कि वे नकारात्मकता और बर्न-आउट के शिकार नहीं हुए हैं। यदि आप उनसे पूछें कि काम से लदे होने के बावजूद वे क्यों मुस्कराते रहते हैं, तो वे आपको एक और बड़ी स्माइल देंगे, गले लगाएंगे और अपना काम पूरा करने के लिए डेस्क की ओर चल देंगे, क्योंकि उनके खुशमिजाज स्वभाव के पीछे एक तीव्र महत्वाकांक्षा छिपी होती है।

डेस्क की ओर चल देंगे, क्योंकि उनके खुशमिजाज स्वभाव के पीछे एक तीव्र महत्वाकांक्षा छिपी होती है। वे अपनी डेस्क की ओर जाते समय खुद से कहते होंगे : मैं काम पूरा करना चाहता हूं और अधिक पैसे कमाना चाहता हूं।' ये मुस्कराते हुए सहकर्मी जन्मजात ऐसे नहीं थे। जहां ज्यादातर कर्मचारी देर तक काम करके या कुछ खास कौशल विकसित करके प्रबंधन को प्रभावित करने की कोशिश करते हैं, वहीं इन अथक आशावादी लोगों की यह छोटी सेना सिर्फ काम का अतिरिक्त बोझ उठाते हुए मुस्कराकर बाकी सभी को मात देने के लिए दृढ़ संकल्पित है। हैप्पी वॉरियर्स' का मतलब है अपमानित महसूस करने पर लोगों को संदेह का लाभ देना और निराशा को व्यक्तिगत रूप से नहीं लेना। इसका परिणाम यह रहता है कि वे खराब मूड में नहीं आते और उनका प्रदर्शन प्रभावित नहीं होता। एचआर मैनेजर भी हर पदोन्नति से पहले यह देखना चाहते हैं कि आप पेशेवर रूप से चुनौतियों को संभालने में सक्षम हैं और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ते हैं। ऐसे लोग कार्यस्थल पर बहुत ऊर्जा लेकर आते हैं और निस्संदेह उन्हें अधिक काम भी मिलता है। लेकिन इसके नतीजे में उन्हें स्पष्ट रूप से प्रबंधन की तवज्जो मिलती है, जो पदोन्नति और वेतन-वृद्धि में तब्दील हो जाती है। खुशी एक सकारात्मक मानसिकता की ओर ले जाती है, जो कार्यस्थल पर मैत्रीपूर्ण रवैए और साथ ही निर्णय लेने में कठोरता को दशार्ती है। कई लोग वेतन-वृद्धि और बेहतर पद के लिए हर दो साल में नौकरी छोड़ देते हैं। लेकिन प्रबंधन जानता है कि एक कंपनी के साथ लंबे समय तक जुड़े रहना मुश्किल है, वह भी मुस्कराते हुए। ऐसे कर्मचारी जानते हैं कि खुशी एक हथियार है और उनकी दयालुता दुश्मनों को मार सकती है। याद रखें कि खुशी एक निजी निर्णय है और नाराजी जताने से प्रबंधन किसी का कार्यभार कम नहीं करने वाला। फंडा यह है कि दिसंबर के इस पूरे महीने को खुशी के महीने के रूप में मनाएं और देखें कि यह आपके 2024 को कैसे अच्छे रूप में समाप्त करता है और 2025 के लिए कैसे एक नया आशावादी द्वार खोलता है।

## संत वचन

*जल्द ही वसंत पंचमी आने वाली है। यह त्योहार अपने पीले कपड़ों, खान-पान के लिए भी जाना जाता है। लोग अपने-अपने घरों में सरस्वती मां की पूजा करते हैं। सनातन धर्म में वसंच पंचमी का विशेष महत्व होता है। माना जाता है कि वसंत पंचमी के दिन सरस्वती मां की पूजा करने से ज्ञान और विद्या का आशीर्वाद मिलता है। ऐसे में अगर आपके घर में नन्ही परी का जन्म हुआ है और उसके नाम को लेकर कंफ्यूज है तो हम आपके लिए लेकर आए हैं ऐसे नाम, जो मां सरस्वती के नाम पर आधारित हैं। आइए जानते हैं कि इन नामों का क्या मतलब है।घर में जब लड़की का जन्म होता है तो घर वाले सबसे पहले उसके नाम को लेकर काफी परेशान रहते हैं। हर माता-पिता चाहते हैं कि वह अपने बच्चे का नाम ऐसा रखें, जो काफी अलग हो और आगे चलकर बच्चा अपने नाम को सार्थक करे।*

# निवेश की दुनिया में आज अमेरिका का ही सिक्का चल रहा है

**एडिट.नोट**

यह विचार कि अमेरिका एक असाधारण देश है, जो अपने प्रतिद्वंद्वियों से श्रेष्ठ होने के कारण दुनिया का नेतृत्व करने की हैसियत रखता है, अधिकांश पर्यवेक्षकों को पुराना लगने लगा था।राजनीतिक, कूटनीतिक और सैन्य हलकों में इन दिनों अमेरिका को लेकर हो रही चचार्एं एक निष्क्रिय महाशक्ति की हैं, जो विदेश में अलग-थलग है और घर में ध्रुवीकृत है। लेकिन निवेश की दुनिया में अमेरिका का सिक्का आज भी सबसे ज्यादा चलता है। अमेरिकी वित्तीय बाजारों की मजबूती और सभी अन्य अर्थव्यवस्थाओं से बेहतर प्रदर्शन करने की उनकी क्षमता में विश्वास से एकजुट होकर पूरी दुनिया के निवेशक आधुनिक इतिहास में पहले से कहीं ज्यादा पूंजी एक ही देश में लगा रहे हैं।

अमेरिकी शेयर बाजार अब बाकी सभी से ऊपर है। सापेक्ष मूल्य (रिलेटिव प्राइसेस) एक सदी से भी पहले डेटा शुरू होने के बाद से सबसे ज्यादा हैं और सापेक्ष मूल्यांकन आधी सदी पहले डेटा शुरू होने के बाद से अपने शीर्ष पर है। परिणामस्वरूप, वैश्विक शेयर सूचकांक में अमेरिका का हिस्सा लगभग 70 प्रतिशत हो गया है। जबकि 1980 के दशक में यह मात्र 30 प्रतिशत था। और डॉलर 50 साल पहले विकसित दुनिया द्वारा निश्चित विनिमय दरों को छोड़ने के बाद से किसी भी समय की तुलना में अधिक मूल्य पर कारोबार कर रहा है। इस बात पर आम सहमति है कि आज अमेरिका और शेष दुनिया के बीच में जो अंतर है, वह शीर्ष अमेरिकी कंपनियों की कमाई की शक्ति, उनकी वैश्विक पहुंच और तकनीकी इनोवेशन में उनकी अग्रणी भूमिका के कारण उचित ही है। बाजारों में ह्यअमेरिकी असाधारणताह्न का रुतबा अब दूसरे ही स्तर पर जा चुका है। वैश्विक शेयर बाजारों में अमेरिका का हिस्सा वैश्विक अर्थव्यवस्था के 27 प्रतिशत हिस्से से कहीं अधिक है। व्हाइट हाउस में डोनाल्ड ट्रम्प की वापसी ने इसे और मजबूत किया है। निवेशकों का मानना ??है कि टैरिफ बढ़ाने, करों को कम करने और नियमों में कटौती करने की उनकी योजनाएं अमेरिकी बाजारों को और बढ़ाएंगी, जो वैश्विक वित्तीय संकट के अंत के बाद से दुनिया के बाकी हिस्सों से आगे निकल गए हैं। आज ऐसा लगने लगा है जैसे पूरी दुनिया में अमेरिका ही निवेश करने लायक एकमात्र देश रह गया है।

एशिया और यूरोप की यात्रा करते हुए मैं ऐसे निवेशकों से मिलता रहता हूं, जो अमेरिका से अभिभूत दिखते हैं। मुंबई में वित्तीय सलाहकार अपने ग्राहकों पर दबाव डाल रहे हैं कि वे भारत से बाहर एक ऐसे बाजार में पैसा लगाएं, जो भारत से कहीं महंगा है- अमेरिका। सिंगापुर में धन प्रबंधकों के साथ लंच के दौरान मेजबान ने उनसे पूछा : क्या यहां कोई ऐसा है, जिसके पास एनवीडिया नहीं है? एक भी हाथ नहीं उठा। यूरोप और जापान की तुलना में अमेरिकी अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। हालांकि कई अन्य विकासशील देशों की तुलना में यह धीमी है। फिर भी 1998 में उभरते बाजारों को जकड़ने वाले वित्तीय संकट की गहराई के बाद से अमेरिका का ऐसा प्रभुत्व नहीं देखा गया था।वैश्विक ऋण और निजी बाजारों में अमेरिका का आकर्षण पहले से कहीं अधिक प्रबल हुआ है। 2024 में विदेशियों ने 1 ट्रिलियन डॉलर की वार्षिक दर से अमेरिकी ऋण में पूंजी डाली है, जो यूरोजोन से दोगुना है। निजी निवेश के 13 ट्रिलियन डॉलर के वैश्विक बाजार में से 70 प्रतिशत का फ्लो आज अमेरिका की तरफ है।

**एन. रघुरामन, - लेखक**

# बच्चों के लिए बोमाड से पैसे उधार लेने की आदत न डालें!

हाल ही में एक एंटरटेनमेंट शो में साथी सुदेश का परिचय देते हुए कॉमेडियन कृष्णा ने कहा, ह्लकपिल, भारती और सुदेश जैसे लोग अमृतसर जैसे बहुत छोटे शहरों से आते हैं। सुदेश की ओर हाथ से इशारा करते हुए कृष्णा ने कहा, ह्लग्लैमर से भरे शहर में वह महज डेढ़ सौ रुपए लेकर आया था और आज भगवान की कृपा से उसके ऊपर सात-आठ करोड़ का लोन है।ह्न और यह सुनकर दर्शक खिल-खिलाकर हंस पड़ते हैं। पर मेरे लिए ये कोई जोक नहीं था, जिस पर हंसा जाए, बल्कि यह एक व्यंग्य था, जो कटाक्ष में गंभीर बात कह देता है। हां, यह टिप्पणी वित्तीय रूप से गैर-अनुशासित उन सभी लोगों के मुंह पर तमाचा है, फिर चाहे भी वे पीढ़ी एक्स (1964 से 1980 के बीच जन्मे) के हों या मिलेनियल्स (1981 से 1996 के बीच) या फिर जेन जी (1997 से 2012 के बीच जन्मे) के लोग हों। मैं यहां बेबी बूमर्स पीढ़ी (1946 से 1964 के बीच जन्मे) के बारे में बात नहीं कर रहा, क्योंकि ये लोग अगले 27 दिनों में 60 साल के हो जाएंगे और 31 दिसंबर 2024 को अपनी आखिरी सैलरी पाएंगे। इसके अलावा यह वही लोग हैं जिन्होंने ह्यबीओएमएमएडी-बोमाडह्न ईजाद किया, जहां से देखकर बाकी पीढ़ियों ने भी कर्ज लेना शुरू कर दिया और यही कारण है कि बाद की पीढ़ियों को वित्तीय रूप से गैर-अनुशासित बनाने के पीछ मैं उन्हें जिम्मेदार ठहराता हूं!

आप सोच रहे होंगे कि ह्यबोमाडह्न क्या है? और आश्चर्य में पड़ गए होंगे कि ईजाद करने वाला ही अपराधी कैसे हो सकता है, तो आगे पढ़ें। आजकल ज्यादा से ज्यादा खरीदार ह्यबाय नाउ पे लेटरह्न की सुविधा लेते हैं। दुनियाभर में क्रेडिट कार्ड से बहुत ज्यादा कर्ज यही संकेत देता है। क्रेडिट कार्ड ऐसा ही एक दानव है, जिसके चलते ग्राहक हद से ज्यादा खर्च करते हैं और वो खरीद लेते हैं जो नहीं लेना चाहते। जब लोग कई कार्ड से ढेर सारे आइटम खरीद लेते हैं और एक कार्ड का भुगतान दूसरे कार्ड से करते हैं, तो वे हमेशा मौजूद रहने वाले क्रेडिट के आइडिया पर भरोसा कर रहे होते हैं।

ह्यबाय नाउ पे लेटरह्न के मनोविज्ञान से लोगों को लगता है कि यह कर्ज नहीं है। यही कारण है की दुनिया के बड़े वित्त विशेषज्ञ कह रहे हैं कि कई युवा छुट्टियों के इस सीजन में खरीदारी कर रहे हैं, जिनकी माली हालत पहले ही डेंजर जोन में है। ऐसा इसलिए है क्योंकि बैंक ऑफ मॉम एंड डैड (बोमाड) ने बच्चों की बुनियादी शिक्षा के लिए उन स्कूलों में खर्च किया, जिन्होंने अपने नाम के साथ इंटरनेशनल का टैग लगाया था, और उन स्कूलों की तुलना में फीस सैकड़ों गुना ऊंची रखी, जहां बेबी बूमर्स गए थे। फिर उन्होंने बच्चों को दुनिया के अलग-अलग कोनों के श्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में भेजा (अमेरिकी यूनिवर्सिटी में भारतीय छात्रों की संख्या साल 2024 में सर्वाधिक है) और लाखों में फीस भरी, उनके रहने-खाने पर खर्च किया। वे यहीं नहीं रुके। चूंकि बेबी बूमर्स, जिन्हें प्रॉपर्टी की कीमतों से फायदा हुआ, डरे हुए थे कि कहीं उनके बच्चे संपत्ति के पायदान में पीछे न छूट जाएं, इसलिए उन्होंने बच्चों की पहली संपत्ति के लिए डाउन पेमेंट करने तक में मदद की। माता-पिता का इस तरह से सपोर्ट दुनियाभर में बढ़ रहा है।

याद रखें, ज्यादातर बेबी बूमर्स बेसिक शिक्षा के साथ कार्यक्षेत्र में आए और एक-एक कदम बढ़ाते हुए करिअर, बिजनेस, संपत्ति तैयार की। हम गिरे भी और खड़े भी हुए। पर कभी माता-पिता को नहीं कहा कि हम जमीन पर आ गए हैं। लेकिन हमने बच्चों के साथ ऐसा किया कि पहला कदम उठाते हुए जब वे गिरे, तो हमने जमीन को मारना शुरू कर दिया और उन्हें कहा, ह्यमत रो, मैंने पहले ही उस जगह को सजा दे दी है, जिसने आपको गिराया।ह्न ये हमारी पहली गलती थी। हमने उन्हें कभी उनके पहले कदम के लिए जिम्मेदार नहीं बनाया। उन्हें कभी नहीं कहा कि पहला कदम सावधानी से रखें। उनकी नजरों में सुपरहीरो बनने की गलती की, फिर बोमाड बैंक बनाया, फिर उन्हें और बिगाड़ दिया। फंडा यह है कि बच्चों के लिए बैंक बनना बंद कर दें। बच्चों के जरा-से गिरने पर अगर हम उनकी ओर से नजरें हटा लें, तो वे हमसे अच्छा करेंगे। याद रखें, हमारे माता-पिता ने हमें ऐसे ही मजबूत बनाया।

## बिजनेस. न्यूज

# रिलायंस डिजिटल सिर्फ 30 मिनट में डिलीवर करेगा सैमसंग गैलेक्सी एस 25 सीरीज!

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

भारत की अग्रणी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन, रिलायंस डिजिटल, 4 फरवरी 2025 को लॉन्च होने वाले सभी नए सैमसंग गैलेक्सी एस25 सीरीज फोन के लिए बिजली की गति से 30 मिनट की डिलीवरी की पेशकश कर रही है। www.reliancedigital.in के माध्यम से ऑर्डर करने वाले ग्राहक अब भारत भर में 650 से अधिक स्टोर्स के अपने विशाल नेटवर्क का लाभ उठाते हुए उसी दिन अपने डिवाइस प्राप्त कर सकते हैं। इससे यह सुनिश्चित होता है कि सैमसंग के प्रशंसकों को अब अत्याधुनिक तकनीक का अनुभव करने के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा। निर्बाध पूर्ति प्रक्रिया कंपनी की गहन ओमनीचैनल क्षमताओं द्वारा संचालित होती है, जो कुशल अंतिम-मील डिलीवरी सुनिश्चित करती है।ग्राहक चुनिंदा शहरों में www.reliancedigital.in पर अपना ऑर्डर देकर, चेकआउट के समय 'सबसे तेज डिलीवरी' विकल्प चुनकर और




30 मिनट के भीतर परेशानी मुक्त डोरस्टेप डिलीवरी का आनंद लेकर इस सेवा का लाभ उठा सकते हैं। यह सेवा स्टोर की उपलब्धता और स्थान की निकटता पर निर्भर करती है। रिलायंस डिजिटल के साथ अगले स्तर की गति का अनुभव करें - अपना सैमसंग गैलेक्सी एस 25 केवल 30 मिनट में प्राप्त करें!

### रिलायंस डिजिटल के बारे में

रिलायंस डिजिटल भारत का सबसे बड़ा इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर है जिसकी उपस्थिति 800 से अधिक शहरों में है, जिसमें 610+ बड़े फॉर्मेट वाले रिलायंस डिजिटल स्टोर और 1800+ माय जियो स्टोर हैं, जो देश के हर नुक्कड़ पर ग्राहकों की सेवा करते हुए सभी के लिए नवीनतम तकनीक सुलभ बनाते हैं। 300 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय ब्रांडों और सर्वोत्तम मूल्यों पर 5000 से अधिक उत्पादों के साथ, रिलायंस डिजिटल के पास ग्राहकों को उनकी जीवनशैली के लिए सही तकनीकी समाधान खोजने में मदद करने के लिए मॉडलों का सबसे बड़ा चयन है। रिलायंस डिजिटल में, हर स्टोर में प्रशिक्षित और अच्छी तरह से सूचित कर्मचारी हमेशा ग्राहकों को प्रत्येक उत्पाद के बारे में हर विवरण के बारे में सलाह देने में खुश होते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि रिलायंस डिजिटल अपने सभी उत्पादों के लिए बिक्री के बाद की सेवा प्रदान करता है।खरीदारी में आसानी के लिए उपभोक्ता किसी भी रिलायंस डिजिटल स्टोर पर जा सकते हैं या www.reliancedigital. in पर लॉग ऑन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए www. reliancedigital.in पर लॉग ऑन करें।

**राज-काज**

## भारत की जीडीपी के आंकड़े देख छिप गया पाकिस्तान

**नई दिल्ली।** भारत को तरक्की के मामले में हराने का सपना देखने वाले पाकिस्तान की आवाज नहीं निकल रही है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पिछले हफ्ते कहा था कि उनका देश तरक्की के मामले में पाकिस्तान को हरा देगा। किसी भी देश की तरक्की उसकी जीडीपी पर निर्भर करती है। भारत की दिसंबर तिमाही में जीडीपी दर 6.2 फीसदी रही है। यह पिछली तिमाही के मुकाबले ज्यादा है। वहीं पाकिस्तान की जीडीपी भारत के मुकाबले कहीं नहीं है।वहीं पाकिस्तान की बात करें तो भारत के मुकाबले यह कुछ भी नहीं है। पाकिस्तान की जीडीपी अभी 3 फीसदी के करीब है। इसमें भी तेजी तब आई है जब उसे आईएमएफ की ओर से लोन दिया गया है। बात अगर वित्त वर्ष 2025 की करें तो आईएमएफ ने पाकिस्तान की जीडीपी वृद्धि दर में कटौती की है।

# टेस्ला को शोरूम के लिए जगह की तलाश: 5,000 स्क्वायर फीट जगह चाहती है कंपनी

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

इलॉन मस्क की इलेक्ट्रिक व्हीकल बनाने वाली कंपनी टेस्ला ने नई दिल्ली में शोरूम के लिए जगह की तलाश फिर से शुरू कर दी है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने सूत्रों के हवाले से अपनी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। यह इस बात का संकेत है कि कंपनी इस साल की शुरूआत में अपनी निवेश की योजनाओं को रोकने के बाद भारतीय बाजार में एंट्री करने के लिए फिर से विचार कर रही है। इससे पहले टेस्ला ने भारत में एंट्री करने की योजना को कैंसिल कर दिया था और मस्क ने भी अप्रैल में होने वाली अपनी यात्रा को भी रद्द कर दिया था। तब उम्मीद जताई जा रही थी कि यात्रा के दौरान मस्क भारत में 2-3 बिलियन डॉलर का निवेश करने के प्लान की घोषणा कर सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, टेस्ला दिल्ली-ठउफ में शोरूम और ऑपरेशनल स्पेस के लिए भारत के सबसे बड़े प्रॉपर्टी डेवलपर उछऋके साथ बातचीत कर रही है। कंपनी दक्षिणी दिल्ली में उछऋएवेन्यू मॉल और गुरुग्राम में साइबर हब सहित कई जगहों की तलाश कर रही है। इसके लिए कंपनी अन्य डेवलपर्स के साथ भी बातचीत कर रही है। टेस्ला को 3,000 से 5,000 स्क्वायर फीट के शोरूम की तलाश है, जिसमें वह कस्टमर एक्सपीरियंस सेंटर, व्हीलक्स की डिलीवरी और उसकी सर्विसिंग की सुविधा प्रोवाइड करेगी। टेस्ला की शोरूम के लिए जगह की खोज अभी शुरूआती फेज में है, कंपनी ने अभी कुछ फाइनल नहीं किया है। इलॉन मस्क इसी साल अप्रैल में 22 से 27 के बीच भारत आने वाले थे, लेकिन अचानक उन्होंने यह दौरा रद्द कर दिया था। इस दौरे में मस्क पीएम मोदी से भी मिलने वाले थे। इलॉन मस्क ने भारत आने का प्लान सरकार की ओर से नई एश पॉलिसी लाने के बाद किया था।कंपनियों को टैक्स में छूट के लिए भारत में कम से कम 497 मिलियन डॉलर (4,150 करोड़ रुपए) का निवेश करना होगा और किसी लोकल फैक्ट्री/मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी से 3 साल के भीतर एश का प्रोडक्शन शुरू कर देना होगा।




विभिन्न हिंदू संगठनों और अन्य संगठनों के सदस्यों ने देहरादून में बांग्लादेशी हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ विरोध रैली निकाली

# सेंसेक्स 319 अंक गिरकर 77,186 पर बंद: निफ्टी भी 121 अंक गिरा

**मुंबई।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन आज यानी 3 फरवरी को सेंसेक्स 319 अंक की गिरावट के साथ 77,186 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 121 अंक की गिरावट रही, ये 23,361 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, इरए स्मॉल कैप 887 अंक गिरकर 49,212 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 19 में गिरावट और 11 में तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 35 में गिरावट और 15 में तेजी रही। ठरए सेक्टोरल इंडेक्स में ऑयल एंड गैस सेक्टर में सबसे ज्यादा 2.22% की गिरावट रही।लार्सन एंड टुब्रो, रिलायंस, क्ळउ और ल्उऋ बैंक ने बाजार को चढ़ाने में सबसे ज्यादा कॉन्ट्रिब्यूट किया। जबकि, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा और भारती एयरटेल ने बाजार को ऊपर खींचा।

इस हफ्ते 748 कंपनियां वित्त वर्ष 2024-25 के तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) के नतीजे जारी करेंगी। इनमें कुछ बड़ी कंपनियों जैसे- एशियन पेंट्स, टाइटन, एयरटेल, पावर ग्रिड, डिवीज लैब्स, टाटा पावर, टोरेंट पावर, इन्फो एज, स्विगी, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (रइक),क्ळउ, ट्रेंट, ब्रिटानिया, लाइफ इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (छक्ळ), महिंद्रा एंड महिंद्रा, ठल्ढउ, ऑयल इंडिया के अर्निंग पर बाजार की नजर रहेगी। इससे पहले, पिछले हफ्ते क्ळक्ळक बैंक, क्ळक्ळक बैंक, बजाज ऑटो, टीवीएस मोटर, इंडियन ऑइल, टाटा मोटर्स, डाबर जैसी कंपनियों के नतीजे बाजार उम्मीद के मुताबिक रहे, जिसके चलते बाजार में तेजी देखने को मिली थी। इससे पहले शनिवार यानी 1 फरवरी को बजट पेश होने के बाद सेंसेक्स 5 अंकों की तेजी के साथ 77,505 के स्तर पर बंद हुआ था। निफ्टी में 26 अंकों की गिरावट थी। ये 23,482 के स्तर पर बंद हुआ था। बजट के लिए मार्केट खासतौर पर शनिवार के दिन खुला था। वहीं, इरए मिडकैप 212 अंक की गिरावट के साथ 42,884 पर बंद हुआ था। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 16 में तेजी और 14 में गिरावट थी। निफ्टी के 50 शेयरों में से 29 में गिरावट और 22 में तेजी थी।

### मुख्यमंत्री निवास में होना है जनजातीय देवलोक महोत्सव

# संस्कृति के संरक्षण को जनजातीय देवलोक बनाएंगे : सीएम

**संवाददाता ● भोपाल**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जनजातियों की संस्कृति के संरक्षण और उनके त्यौहार तथा पूजा आदि की विशेष व्यवस्था के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। पश्चिमी मध्यप्रदेश में शीघ्र ही भगोरिया की शुरूआत हो रही है। मुख्यमंत्री निवास में भी मंगलवार 4 मार्च को जनजातीय देवलोक महोत्सव आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदायों की संस्कृति, पूजा पद्धतियों के संरक्षण के लिए प्रदेश में जनजातीय देवलोक विकसित किया जाएगा।

**महोत्सव**

जनजातीय समाज और उनकी परम्पराएं भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। इन परम्पराओं और उपासना पद्धतियों को जीवंत बनाए रखने तथा वर्तमान और आगामी पीढ़ियों को इनसे अवगत कराने के लिए शासकीय योजनाओं का लाभ लेते हुए, कार्य योजना का क्रियान्वयन आवश्यक है। मुख्यमंत्री डॉ। यादव प्रदेश में जनजातीय देवलोक स्थापना के लिए मंत्रालय में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में जनजातीय कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में 7 प्रमुख जनजातियां और इनकी उपजातियों सहित 43 जनजातीय समुदाय निवास करते हैं। जनजातियों ने प्रकृति, प्रतीक और प्रतिमा में अपने देवधारणाओं को स्थापित किया है और इनके माध्यम से वे अपनी आस्था और धारणाओं का प्रकटीकरण करते हैं। प्रदेश के अलग-अलग भौगालिक क्षेत्रों में निवासरत जनजातीय समुदायों के देवी-देवता और उनके प्रतीक भिन्न-भिन्न हैं। अतः राज्य के जनजातीय समुदायों की मान्यताओं, आस्था, प्रतीकों के देवलोक को एक स्थान पर लाने के लिए प्रयास करना आवश्यक है। इन प्रयासों में जनजातीय समुदायों के ओझा, पटेल, पुजारा, तड़वी, भुमका, पंडा, गुनिया आदि के विचारों को भी समाहित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देवलोक की स्थापना के लिए सभी जनजातियों के आवागमन की सुगमता को ध्यान में रखते हुए भूमि चिन्हित की जाए। बैठक में अपर मुख्य सचिव डॉ। राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव वन अशोक बर्णवाल, प्रमुख सचिव संस्कृति एवं पर्यटन शिवशेखर शुक्ला, प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य विभाग गुलशन बामरा, मुख्यमंत्री के संस्कृति सलाहकार राम तिवारी और लक्ष्मण सिंह मरकाम उपस्थित थे।

## सीएम डॉ. यादव की अध्यक्षता की कैबिनेट बैठक आज

### कई अहम प्रस्तावों पर होगी चर्चा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज मंत्रालय में आज कैबिनेट की बैठक होना है। इस बैठक में कई अहम प्रस्ताव पर चर्चा होगी। बैठक में नई लोक परिवहन नीति के प्रस्ताव पर भी विचार हो सकता है। किसानों को दूध खरीदी पर प्रोत्साहन देने के प्रस्ताव पर भी चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही, जनजातीय देवलोक के जीर्णोद्धार को लेकर प्रस्ताव और नगर एवं ग्राम निवेश की धारा 66 में बदलाव का प्रस्ताव भी आ सकता है। विशेष क्षेत्रों में निर्माण गतिविधियों को लेकर कुछ मैदानी अड़चनों को दूर करने के लिए प्रमुख नियमों में बदलाव की चर्चा की जाएगी, ताकि इन क्षेत्रों का तेजी से विकास हो सके। इसके अलावा बैठक में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) से प्राप्त निवेश प्रस्तावों के क्रियान्वयन पर चर्चा होगी। राज्य में निवेश को बढ़ावा देने और मौजूदा उद्योगों को सहयोग प्रदान करने के उपायों पर भी विचार किया जाएगा। साथ ही बैठक में आगामी विधानसभा सत्र की तैयारियों और राज्य के बजट पर विस्तृत चर्चा की संभावना है। प्रदेश का द्वितीय अनुपूरक बजट लगभग चार से पांच हजार करोड़ रुपये के आसपास हो सकता है। इसके अलावा, विभिन्न विभागों द्वारा विधानसभा में पेश किए जाने वाले विधेयकों पर भी मंथन किया जाएगा।

## शॉट न्यूज

### 20 मिनट में चार लाख के जेवर-नकदी पर हाथ साफ

**सागर।** मध्य प्रदेश के सागर जिले के देवरी कलां नगर की कुसुम विहार कॉलोनी में चोरों ने दिनदहाड़े एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए महज 20 मिनट में करीब 4 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवर और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। बता दें कि ग्राम छीर स्थित कुसुम विहार कॉलोनी में रहने वाले जल संसाधन विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारी आर।के। पटेल के घर यह घटना हुई। पटेल अपनी पत्नी को लेने दोपहर करीब 2:30 बजे मानिकचंद्र चौराहे गए थे। जब वे लौटे तो उन्होंने गेट का ताला खोलकर देखा कि अंदर का सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी का लॉकर खुला था। पटेल के अनुसार, चोरों ने लॉकर से 5 तोले सोने के जेवरात, जिनमें एक जोड़ी झुमकी, दो सोने की अंगूठियां, कान के टॉप्स, एक पांचाली, 22 मोती की चांदी की बड़ी पायल (एक जोड़ी), छोटी पायल (एक जोड़ी) और 8-10 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए।

### ग्वालियर में 13 साल की नाबालिग से दुष्कर्म

**ग्वालियर।** ग्वालियर के सिरोल में एक 13 साल की नाबालिग से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी पीड़िता को धमकाकर अपने घर ले गया और यहां उसके साथ ज्यादती की। मामले में सोमवार को शिकायत के बाद पुलिस ने मंगलवार को आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है। घटना 1 मार्च 2025 की शाम 7 बजे की है। सिरोल पुलिस के मुताबिक, 13 वर्षीय नाबालिग शनिवार शाम 7 बजे अपने घर से किराना दुकान में समान लेने जा रही थी। तभी 40 वर्षीय पड़ोसी भान सिंह उसे रास्ते में मिला। उसने पीड़िता को उसके मां के बुलाने पर खुद के घर चलने की बात कही। पीड़िता के मना करने पर जबरन उसका हाथ पकड़कर घर के भीतर खींच ले गया। यहां उसने उसे धमकाते हुए चांटे मारे और उसके साथ दुष्कर्म किया।

### जबलपुर में प्रेमी जोड़े ने किया सुसाइड

**जबलपुर।** जबलपुर के सिहोरा थाना क्षेत्र के गांव दिनारी खमरिया में प्रेमी जोड़े ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। दोनों के शव गांव के बाहर एक मैदान पर मिले, पास में ही जहर की तीन डिब्बी भी मौके से पुलिस को मिली है। घटना की जानकारी मिलते ही सिहोरा थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। दोनों ही शवों का पंचनामा करवाने के बाद पीएम के लिए सिहोरा सिविल अस्पताल भेज दिया गया है। बताया जा रहा है कि कुछ दिनों बाद युवती का विवाह होना था। संभवत इसी बात से दुखी होकर दोनों ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के मुताबिक दिनारी खमरिया गांव का रहने वाला मृतक अभिषेक पटेल का गांव की ही एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि दोनों का कई सालों से लव अफेयर चल रहा था।

# कोर्ट में 27 तोतों की पेशी खाने-पीने के किए इंतजाम

### बहेलियों के खिलाफ कार्रवाई

**संवाददाता ● इंदौर**

मध्य प्रदेश की खंडवा कोर्ट में एक अनोखा मामला सामने आया है, जहां जज के सामने 27 तोतों की पेशी कराई गई...दरअसल, इन तोतों को दो लोगों ने एक पेड़ पर पिंजरा लगाकर पकड़ा था। इन्हें वन अमले ने शनिवार को गिरफ्तार किया था। दोनों ही आरोपियों को न्यायालय ने वन्य जीव से जुड़े इस मामले के चलते जेल भेज दिया था।

**कार्रवाई**

लेकिन, उनसे जब्त किए गए 27 तोते वन अमले की देखरेख में थे। इन्हें सोमवार को जिला कोर्ट ने प्राकृतिक वातावरण में रिहा करने का आदेश दिया है। खंडवा के फॉरेस्ट विभाग ने शनिवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 27 तोते जब्त किए थे। पकड़े गए आरोपियों को जिले के फॉरेस्ट अमले ने रविवार का अवकाश होने के चलते स्पेशल कोर्ट के समक्ष पेश किया था। इधर, आरोपियों से जब्त किए गए तोतों की बरामदगी भी कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत की गई थी। इस दौरान तोतों के साथ उनके खाने-पीने के लिए भी वन विभाग ने माकूल इंतजाम किया हुआ था।



**कोर्ट में तोतों के लिए खाने की व्यवस्था**

**जिला कोर्ट में 27 तोतों की पेशी में उनके खाने-पीने के लिए वन विभाग ने टमाटर, ककड़ी, मूली और मिर्च के साथ तैयार था। यहां जज ने पिंजरे में बंद तोतों को देखने के बाद गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को भी सीधे जेल के पिंजरे में भेजने के आदेश दे दिए। लेकिन, तोतों को आजाद किए जाने को लेकर सोमवार को खंडवा की सीजेएम कोर्ट पर फैसला छोड़ा गया। जिसके बाद कोर्ट में सुनवाई के लिए इन 27 तोतों से भरे पिंजरे को वन विभाग की जीप से रेंज ऑफिस से कोर्ट तक लाया। बता दें कि रेंजर जेपी मिश्रा, वन रक्षक विकास चौहान और दीपेश दांगोरे ने कालजाखेड़ी क्षेत्र से भीमा मोंगिया और सोनू कहार के कब्जे से 27 तोते जब्त किए थे। आरोपियों ने फॉरेस्ट की पूछताछ में कबूला था कि कलजाखेड़ी में नदी किनारे स्थित एक नीम के पेड़ पर जाल लगाकर उन्होंने ये तोते पकड़े थे। वे गली-मोहल्लों में इन तोतों को 25 से 30 रुपये प्रति तोते के हिसाब से बेचते थे।**

## बेड से उठा मरीज, पहुंचा सड़क पर, फिर बताई अस्पताल की सच्चाई

**रतलाम।** मध्य प्रदेश के रतलाम से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक निजी अस्पताल से इंसानियत को शर्मसार करने वाली तस्वीर सामने आई है। यहां कैथेड्रल और श्वास नली लगाए मरीज अस्पताल के बाहर सड़क पर आ पहुंचा। इसके बाद मरीज और उसके परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए। मरीज के परिजनों का आरोप है कि पेशेंट को बेहोश बताकर उनसे लगातार अस्पताल प्रबंधन महंगी दवाइयां बुला रहा था जबकि मरीज पूरी तरह होश में है। मरीज बंटी निनामा को यह साबित करने के लिए खुद



कैथेड्रल और श्वास नली लगाकर रोड पर आना पड़ा। मरीज को ऐसी हालत में सड़क पर खड़ा देख, हर कोई आने जाने वाला ठहर गया। इसके बाद मरीज और उसके परिजन ने खुद चीख –चीख कर सड़क पर ही अस्पताल की हकीकत लोगों को बताई। पास खड़े कुछ लोगों ने मरीज और उसके परिजनों का वीडियो बना लिया, जो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। बंटी को बीती रात ही जीडी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। मारपीट के एक मामले में वह बेहोश हो गया था। हंगामा बढ़ता देख औद्योगिक थाना पुलिस के जवान भी मौके पर पहुंचे और मरीज के परिजनों को समझाइश देकर शांत किया। वहीं मरीज के हंगामा का वीडियो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें निजी अस्पताल की खुली लूट सामने आ गई है।

## MP में 1400KM घूमेंगी 25 महिला बाइक राइडर्स

### 'क्वीन ऑन द व्हील्स' में हैरिटेज स्पॉट पर जाएंगी, 10 मार्च को वापस लौटेंगी



**संवाददाता ● भोपाल**

देशभर की 25 महिला राइडर्स 1400 किमी का बाइक से सफर करने के लिए मंगलवार को भोपाल से रवाना हुई। वे बाइक राइड करते हुए मध्यप्रदेश की हेरिटेज ट्रेल का प्रचार करेंगी। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के 'क्वीन ऑन द व्हील्स' के दूसरे संस्करण की शुरुआत मंगलवार सुबह 9 बजे बोट क्लब स्थित होटल विंस एंड वेव्स से की गई। मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम के प्रबंध संचालक इलैया राजा टी. ने हरी झंडी दिखाई।

उन्होंने कहा कि टूरिज्म बोर्ड के विभिन्न पर्यटन स्थल और होटल, रिसोर्ट, होम-स्टे, कैफे, आर्ट एंड क्राफ्ट महिलाओं द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। जिसका प्रचार-प्रसार उक्त महिला बाइक टूर के माध्यम से किया जाएगा। 10 मार्च तक प्रदेश के अलग-अलग पर्यटन स्थल पर महिला राइडर्स जाकर हेरिटेज ट्रेल का प्रचार करेंगी। समापन 10 मार्च को केरवा रिसोर्ट भोपाल में किया जाएगा। इस राइड में मध्यप्रदेश की 7 और अन्य राज्यों से 18 महिलाएं प्रतिभागी हैं। नागपुर, मुंबई, देहरादून, संभाजी नगर, बैंगलुरू, दिल्ली, राजस्थान, इंदौर, देवास, भोपाल, उज्जैन आदि शहरों की है। महिला बाइकर्स विश्व धरोहर सांची स्तूप, उदयगिरि की गुफाएं, चंदेरी के पास प्राणपुर में विकसित किए गए देश के पहले क्राफ्ट हैंडलूम टूरिज्म विलेज और हैंडलूम कैफे का अनुभव करेंगी। ओरछा की राफटिंग, सेग्वे, कयाकिंग, हैरिटेज वॉक एवं बेस्ट टूरिस्ट विलेज लाडपुरा खास का भ्रमण एवं होम-स्टे में विश्राम करेंगी। अन्य मुख्य आकर्षणों में ऐतिहासिक शहर ग्वालियर, मितावली, पढ़ावली, दतिया फोर्ट (वीर सिंह पैलेस) यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल खजुराहो में लाईट एण्ड साउण्ड शो और आदिवर्त राज्य संग्रहालय का भी अनुभव करेंगे एवं मप्र राज्य पर्यटन विकास निगम के होटल एवं रिसोर्ट में विश्राम करेंगी।

# महाकाल मंदिर में 488 होमगार्ड स्वयंसेवी सैनिक होंगे तैनात

**संवाददाता ● भोपाल**

प्रदेश में अब कोई भी शासकीय विभाग प्लानिंग एरिया के बाहर भी प्रोजेक्ट तैयार कर सकेगा और राज्य सरकार को प्रस्ताव देगा, जिसे सरकार परमिशन देगी। ऐसे प्रोजेक्ट की कम से कम लागत 500 करोड़ रुपए होनी चाहिए। मोहन सरकार ने नगर और ग्राम निवेश से संबंधित विधेयक को भी मंजूरी दे दी है, जिसे विधानसभा में लाया जाएगा।

**प्रस्ताव**

इसके साथ, ही महाकाल मंदिर में 488 होमगार्ड स्वयंसेवकों की तैनाती के लिए भी कैबिनेट ने सहमति दी है। इसके अलावा, दूसरे अनुपूरक बजट को भी मंजूरी दी गई है, जिसे विधानसभा में पेश किया जाएगा। नगरीय विकास और आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के बाद हुई कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री ने मंत्रियों को समिट के प्रस्तावों को जमीन पर उतारने के लिए सतत



फॉलो-अप करने और विभाग प्रमुखों के साथ रिव्यू करने का निर्देश दिया है। प्रमुख सचिव हर हफ्ते रिव्यू करेंगे और मुख्य सचिव को इसकी रिपोर्ट देंगे। मंत्री भी इन प्रस्तावों को साकार करने के लिए कार्य करेंगे। इस दौरान सेक्टरवार मिले निवेश प्रस्तावों की जानकारी साझा की गई।

**प्लानिंग एरिया के बाहर भी प्रोजेक्ट तय कर सकेंगी निर्माण एजेंसियां** – आज कैबिनेट बैठक में नगर और ग्राम निवेश संशोधन विधेयक 2025 को मंजूरी दी गई है। इस विधेयक के तहत कोई भी शासकीय विभाग प्लानिंग एरिया के बाहर भी निवेश कर सकेगा और राज्य सरकार को प्रस्ताव देगा, जिसे सरकार स्वीकृति प्रदान करेगी। एमपीआईडीसी, एमपीआरडीसी, साडा, विकास प्राधिकरण सहित अन्य एजेंसियों को 500 करोड़ रुपए से अधिक के प्रोजेक्ट तैयार करने पर इस प्रकार की छूट दी जाएगी।

### सिर पर पत्थर लगने से एक यात्री की मौत, ड्राइवर जख्मी

# बस पर अचानक बरसने लगे पत्थर, डॉक्टर की दर्दनाक मौत

**रीवा से निकली एक प्राइवेट बस पर देर रात बदमाशों की पत्थरबाजी की शिकार हो गई, जिससे इंदौर जा रहे एक बस यात्री को माथे पर गंभीर चोट लगने से मौत हो गई।**

**संवाददाता ● रीवा**

रीवा से निकली एक प्राइवेट बस पर देर रात बदमाशों की पत्थरबाजी की शिकार हो गई, जिससे इंदौर जा रहे एक बस यात्री को माथे पर गंभीर चोट

**पत्थरबाजी**

लगने से मौत हो गई। मृतक पेशे से फिजियोथैरिपस्ट बताया जाता है, जो रीवा जिले में तैनात था और घटना वाले दिन छुट्टी लेकर परिवार से मिलने जा रहा था। रिपोर्ट के मुताबिक रीवा से रात्रि को पुराने बस स्टैंड से कई प्राइवेट बसें संचालित होती है। जो नागपुर, इंदौर, भोपाल की ओर जाती हैं। बस की टाइमिंग को लेकर बस संचालकों के बीच में अक्सर विवाद होता है। सूत्र बताते हैं कि लंबे समय से चल रहे विवाद के बीच की गई पत्थरबाजी का युवक शिकार बन गया।बदमाशों की पत्थरबाजी की शिकार हुई बस का नंबर एमपी 07 झेडए 9090, जो इंटरसिटी के नाम से संचालित होती है। हादसा रीवा रेलवे स्टेशन के चोरहटा थाने से महज 200 मीटर की दूरी पर हुई। यात्री बस आईटीआई के सामने पहुंची ही थी कि वहां मौजूद मोटरसाइकिल सवार युवकों ने बस पर अंधाधुंध पथराव शुरू कर दिया।




### ड्राइवर सीट के पास बैठा फिजियोथैरिपिस्ट पत्थरबाजी में बुरी तरह हो गया था घायल

अचानक बस पर हुए पथराव से बस ड्राइवर की सीट पास बैठा फिजियोथैरिपिस्ट बुरी तरह घायल हो गया। मृतक के माथे पर पत्थर से गहरी चोट आ गई थी, जिससे मौके पर ही उसने प्राण त्याग दिए। मृतक हीरामणि वर्मा घटना के दिन छुट्टी लेकर इंदौर जा रहा था, लेकिन बस में अचानक हुए पथराव से उसकी जान चली गई।मृतक का शव को संजय गांधी अस्पताल की मार्चुरी में रखवाया गया है और पोस्टमार्टम के बाद उसका शव परिजनों को सौंपा जाएगा। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। पुलिस इंटरसिटी बस पर पथराव करने वालों की तलाश में जुटी हुई है और जगह-जगह दबिश दे रही है।



# जिस 1000 करोड़ी फिल्म में प्रियंका कर रही हैं काम

## उसके एक्टर ने दिखाया था बॉलीवुड को नीचा, कहा- वो मुझे नहीं कर पाएंगे अफोर्ड

प्रियंका चोपड़ा अपनी फिल्मों को लेकर काफी चर्चा में रहती हैं। उन्होंने बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक अपनी खास पहचान बनाई है। फिलहाल प्रियंका अपनी अपकमिंग फिल्म को लेकर काफी चर्चा में हैं। दरअसल, एक्ट्रेस फेमस फिल्ममेकर एसएस राजामौली की अगली फिल्म में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म का टाइटल SSMB29 बताया जा रहा है, जो कि बदल सकता है। इस फिल्म को लेकर काफी बज बना हुआ है, फिल्म में लीड एक्टर के तौर पर साउथ सुपरस्टार महेश बाबू हैं। महेश बाबू ने कई सारी ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं और SSMB29 के लिए भी बताया जा रहा है कि उन्होंने काफी फीस ली है। साउथ के कई स्टार्स ने बॉलीवुड फिल्मों में काम किया हुआ है, लेकिन महेश बाबू ने अभी तक हिंदी फिल्मों में कदम नहीं रखा है। हालांकि, इसकी वजह बताई जाए, तो एक्टर ने खुद इस बारे में एक पुराने इंटरव्यू में बात की थी। उन्होंने कहा था कि उन्हें हिंदी फिल्मों के कई बार ऑफर आ चुके हैं। साल 2022 में महेश बाबू की फिल्म सरकारू वारी पाटा रिलीज हुई थी, इस फिल्म के प्रमोशन के दौरान उन्होंने बॉलीवुड में फिल्में करने के बारे में बात की थी। उन्होंने मीडिया से बातचीत के दौरान उनसे पूछा गया था कि क्या उन्होंने हिंदी फिल्मों में डेब्यू करने की प्लानिंग कर रहे हैं? इस पर जवाब देते हुए एक्टर ने कहा "मैं ये बात कहते हुए लोगों को बहुत घमंडी लग सकता हूं, लेकिन मुझे कई ऑफर मिल चुके हैं, लेकिन मुझे नहीं लगता कि वो मुझे अफोर्ड कर पाएंगे। मैं अपना टाइम वेस्ट नहीं करना चाहता हूं"। इसके साथ ही एक्टर ने ये भी कहा कि उन्हें तेलुगु फिल्मों से जितना प्यार मिल चुका है, उसके बाद उन्हें बॉलीवुड में जाने की कोई जरूरत नहीं है। हालांकि, एक्टर का ये जवाब उनके कई फैन्स को पसंद नहीं आया था। बाद में एक्टर ने इस पर कहा था कि उनकी बातों को बढ़ा-चढ़ा कर लोगों के सामने पेश किया गया था।

# नन्हे पप्पी के साथ खेलती नजर आईं कियारा आडवाणी

जल्द ही मां बनने वाली एक्ट्रेस कियारा आडवाणी ने अपने फैंस के साथ एक प्यारा सा पल साझा किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की है जिसमें वह बेहद खुश नजर आ रही हैं और नन्हे पिल्लों के साथ खेल रही हैं। कियारा ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर पोस्ट की है जिसमें वह अपनी गोद में छोटे पेट्स को प्यार से पकड़े हुए हैं और कैमरे के लिए पोज दे रही हैं। गौरतलब है कि अभिनेत्री ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करके अपनी प्रेग्नेंसी की घोषणा की थी और अपने फैंस को यह खुशखबरी दी थी। खुशखबरी की घोषणा के बाद कियारा पहली बार मुंबई के अंधेरी स्थित फिल्मालय स्टूडियो में दिखाई दीं। पैपराजी के लिए पोज देते हुए कियारा कैजुअल आउटफिट में अपनी वैनिटी वैन के पास नजर आईं। कियारा और उनके पति सिद्धार्थ मल्होत्रा ने अपनी प्रेग्नेंसी की घोषणा एक साथ इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर करके की थी। तस्वीर में दोनों ऊनी मोजे पकड़े हुए दिख रहे थे। उन्होंने कैप्शन में लिखा, "हमारे जीवन का सबसे बड़ा तोहफा, जल्द आ रहा है।" कियारा और सिद्धार्थ की इस पोस्ट पर फिल्म जगत के कई सितारों ने बधाई दी, जिनमें सामंथा रूथ प्रभु, शिल्पा शेट्टी, एकता कपूर, श्रद्धा कपूर, अथिया शेट्टी, रकुल प्रीत सिंह, हुमा कुरैशी, सोनाक्षी सिन्हा, रिया चक्रवर्ती, सोनू सूद और करण जौहर शामिल हैं। बता दें कि कियारा और सिद्धार्थ ने 7 फरवरी, 2023 को जैसलमेर के सूर्यगढ़ पैलेस में शादी रचाई थी। उनकी शादी एक निजी समारोह था जिसमें सिर्फ उनके परिवार और करीबी दोस्त ही शामिल हुए थे। शादी के बाद इस जोड़े ने मुंबई में एक ग्रैंड रिसेप्शन दिया था।



# 'सनम तेरी कसम' की री-रिलीज सक्सेस पर

## फिल्ममेकर्स, क्रू और फैंस का किया



फिल्म सनम तेरी कसम 7 फरवरी को सिनेमाघरों में री-रिलीज हुई है। इससे पहले फिल्म साल 2016 में रिलीज हुई थी। हालांकि, तब फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म नहीं किया था। लेकिन अब 9 साल बाद फिल्म को ऑडियंस काफी पसंद कर रही है। फिल्म की री-रिलीज सक्सेस पर पाकिस्तानी एक्ट्रेस मावरा हुसैन का रिएक्शन सामने आया है। हाल ही में पाकिस्तानी एक्ट्रेस मावरा हुसैन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर फिल्म की वीडियो और तस्वीरें शेयर की हैं। एक्ट्रेस ने कैप्शन में एक लंबा नोट लिखा कि फिल्म को इतना अच्छा परफॉर्म करते देखना बिल्कुल मैजिकल है। सनम तेरी कसम की री-रिलीज वाकई अच्छी कमाई कर रही है। फिल्म की री-रिलीज की कमाई को देखकर ये पता चलता है कि वक्त से पहले और नसीब से ज्यादा नहीं मिल सकता। मावरा ने लिखा- 'इन तीन हफ्तों में आपने फिल्म को जो प्यार दिया उसके लिए मैं आपका शुक्रिया अदा करती हूं। एक्ट्रेस ने शेयर किया कि फिल्म मेकर्स ने फिल्म के सक्सेस न होने को काफी पॉजिटिव तरह से लिया था। मावरा ने लिखा- मेरी फिल्म के मेकर्स के लिए मैं बहुत-बहुत खुश हूं कि आपने हमेशा असफलता का सामना किया।'

# मीका सिंह के बयान पर बिपाशा बसु का पटलवार





सिंगर मीका सिंह ने बिपाशा बसु और करण सिंह ग्रोवर के साथ वेब सीरीज में काम करने के अनुभव को साझा किया है। एक इंटरव्यू में मीका ने कहा है कि क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज 'डेंजरस' में अभिनेत्री बिपाशा बसु के साथ काम करना उनके लिए बुरा अनुभव रहा। बिपाशा बसु ने मीका सिंह के इस बयान पर पलटवार किया है। एक्ट्रेस बिपाशा बसु ने अपनी इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर करते हुए लिखा है- जहरीले लोग अराजकता पैदा करते हैं, उंगली उठाते हैं, दोष मढ़ते हैं और जिम्मेदारी लेने से बचते हैं। विषाक्तता और नकारात्मकता से दूर रहें। भगवान सब का भला करें। बता दें कि वेब सीरीज 'डेंजरस' को सिंगर मीका सिंह ने विक्रम भट्ट के साथ प्रोड्यूस किया था। पिंकविला को दिए एक इंटरव्यू में सिंगर ने कहा था कि बिपाशा ने सीरीज में काम करते समय नखरे दिखाए थे। इसी रवैये की वजह से आज उनके पास काम नहीं है। भगवान सब देख रहा है। मैं बिपाशा के पति करण ग्रोवर को बहुत पसंद करता था और उनके साथ 4 करोड़ रुपए की बजट में वेब सीरीज बनाना चाह रहा था, लेकिन बिपाशा और करण की वजह से बजट 14 करोड़ रुपए तक पहुंच गया था। मीका सिंह ने आगे बताया था कि शूटिंग के दौरान बिपाशा ने बहुत नाटक किए। इसकी वजह से उन्हें इस बात का हमेशा अफसोस रहेगा कि उन्होंने वेब सीरीज प्रोड्यूस क्यों की। सिंगर ने यह भी बताया कि उन्होंने कभी भी पेमेंट में देरी नहीं की। जब डबिंग की बात आई तो किसी न किसी का गला हमेशा खराब रहता है। अगर एक समय बिपाशा बीमार रहती थीं , तो दूसरे समय करण बीमार रहते थे। बात करें वेब सीरीज 'डेंजरस' की तो यह ओटीटी प्लेटफॉर्म एमएक्स ओरिजिनल पर 2020 में स्ट्रीम हुई थी।

# 'द डिप्लोमैट' नाम सुनकर ही मैंने हां बोल दिया था



एक्टर जॉन अब्राहम जल्द ही फिल्म 'द डिप्लोमैट' में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में जॉन डिप्लोमैट जितेंद्र पाल सिंह का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म में पाकिस्तान में रह रही भारतीय लड़की उज्मा अहमद के रेस्क्यू की सच्ची कहानी दिखाई गई है। उज्मा के रेस्क्यू में जेपी सिंह का बड़ा अहम रोल था। उस वक्त जेपी सिंह पाकिस्तान स्थित इंडियन एंबेसी में बतौर ज्वाइंट हाई कमीशनर कार्यरत थे। दिल्ली की रहने वाली उज्मा इंटरनेट के जरिए पाकिस्तान के ताहिर से मिलती है। ताहिर मलेशिया में टैक्सी ड्राइवर था और उसने उज्मा को वहां जॉब का ऑफर दिया। जिसके बाद वो मलेशिया पहुंचती है। कुछ समय बाद उज्मा अपने एक रिश्तेदार से मिलने पाकिस्तान जाती है, जहां फिर से वो ताहिर से टकराती है। ताहिर उज्मा को धोखे से नींद की गोली देता है और बंदूक की नोंक पर निकाहनामे पर साइन कराता है। काफी मशक्कत के बाद उज्मा वतन वापसी के लिए इंडियन एंबेसी पहुंचती, जहां उसकी मदद जितेंद्र पाल सिंह करते हैं। फिल्म 'द डिप्लोमैट' को शिवम नायर ने डायरेक्ट किया है। 14 मार्च को फिल्म रिलीज होने वाली है। हमारी फिल्म सच्ची कहानी पर आधारित है। फिल्म डिप्लोमैट जेपी सिंह के ऊपर बनी है। असल में, डिप्लोमैट बहुत कम शब्द का इस्तेमाल करते हैं। मैं और फिल्म के राइटर रितेश शाह जेपी सिंह से दो-तीन बार मिले थे। हमने उनकी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को स्टडी किया। उनके कैरेक्टर को समझने की कोशिश की। हमने जो स्क्रिप्ट तैयार कि वो काफी शार्प और एडिक्टेड है। उसमें एक भी एक्स्ट्रा लाइन नहीं जोड़ा जा सकता था। अगर एक भी एक्स्ट्रा लाइन जोड़ दिया जाए तो कहानी का बैलेंस बिगड़ जाता। जब हम जॉन के पास स्क्रिप्ट लेकर पहुंचे तो उन्होंने पढ़कर ही हां बोल दिया था। हां, ऐसा ही हुआ था। मुझे इस फिल्म की कहानी के बारे में कुछ भी नहीं पता था। मेरे वर्क डेस्क पर फिल्म की स्क्रिप्ट रखी हुई थी और जब मैंने नाम देखा 'द डिप्लोमैट' तो मुझे वो नाम बहुत पसंद आया। मैं जियो पॉलिटिकली बहुत ज्यादा अवेयर रहता हूं। मुझे डिप्लोमैट बहुत पसंद भी हैं।

# शाहिद कपूर का 'एनिमल' में होने वाला था कैमियो

डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा ने हाल ही में एक इंटरव्यू खुलासा किया कि वो फिल्म 'एनिमल' में शाहिद कपूर के कैमियो के बारे में सोच रहे थे। सब कुछ वो फाइनल कर चुके थे, लेकिन फिल्म की शूटिंग शुरू होने से कुछ दिन पहले उन्होंने अपना आइडिया ड्रॉप कर दिया। फिल्म क्रिटिक्स और ट्रेड एक्सपर्ट कोमल नहटा को दिए इंटरव्यू के दौरान डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा ने बताया कि वो फिल्म 'एनिमल' में कबीर सिंह के कैमियो के बारे में सोच रहे थे। संदीप रेड्डी ने कहा- जब हम 'एनिमल' की शूटिंग कर रहे थे तब हमें ख्याल आया था कि इसमें कबीर सिंह का कैमियो रखा जा सकता है। मेरी टीम को भी यह आइडिया अच्छा लगा था। हमनें इसकी तैयारियां भी कर ली थी। संदीप रेड्डी वांगा ने आगे बताया- कबीर सिंह का कैमियो शूट करने से 2 दिन पहले मैंने यह फैसला किया कि कहानी के हिसाब से भी ठीक नहीं रहेगा। जहां हम कबीर सिंह का कैमियो कराना चाहते थे, वहां फिल्म सीरियस होने वाली थी। मुझे लगा कि कबीर की वजह से फिल्म में वो सीरियसनेस बच नहीं पाएगी। बता दें कि संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'कबीर सिंह' में शाहिद कपूर ने डॉक्टर कबीर राजधीर सिंह का किरदार निभाया था। संदीप रेड्डी 'एनिमल' में रणबीर कपूर के हॉस्पिटल में एडमिट होने वाले सीन में कबीर सिंह की एंट्री चाह रहे थे। बाद में उन्हें लगा कि इससे सीन काफी हल्का हो जाएगा, इसलिए उन्होंने कबीर सिंह के कैमियो का आइडिया ड्रॉप कर दिया फिल्म 'कबीर सिंह' संदीप रेड्डी के ही डायरेक्शन में बनी तेलुगु फिल्म 'अर्जुन रेड्डी' की हिंदी में रीमेक थी। इस फिल्म को लोगों ने खूब पसंद किया था। हिंदी पट्टी के दर्शकों के बीच संदीप अपनी फिल्म 'कबीर सिंह' और 'एनिमल' को लेकर आज तक चर्चा में हैं। उनकी आने वाली फिल्मों की बात करें तो वह 'स्पिरिट' और 'एनिमल पार्क' बना रहे हैं। एनिमल पार्क में रणबीर कपूर ही लीड रोल में होंगे।



# यंग आदिवासी इंदौर क्लब को मिली हार



नेहरु स्टेडियम में आयोजित अखिल भारतीय गोल्ड कप फुटबॉल स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है, इसके अंतर्गत कई राज्यों की टीम इस प्रतिस्पर्धा में भाग ले रही है मंगलवार को यंग आदिवासी इंदौर और सांई त्रिवेन्द्रम के बीच मैच खेला गया. जिसमें सांई त्रिवेन्द्रम 3/0 से विजय हुई।

### बाबर और रिजवान टी-20 से बाहर

## न्यूजीलैंड दौरे के लिए पाकिस्तान टीम का ऐलान

एजेंसी | इस्लामाबाद

न्यूजीलैंड दौरे के लिए पाकिस्तान टीम का ऐलान मंगलवार को हुआ। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर टी-20 और वनडे सीरीज के लिए स्क्वॉड की जानकारी दी। पाकिस्तान को 16 मार्च से न्यूजीलैंड में पांच टी-20 और तीन वनडे की सीरीज खेलनी है।

रिजवान और बाबर टी-20 सीरीज से बाहर कप्तान मोहम्मद रिजवान और बैटर बाबर आजम को टी-20 सीरीज के लिए टीम में मौका नहीं मिला है। रिजवान की जगह सलमान आगा को टी-20 टीम का कप्तान बनाया गया है, जबकि ऑलराउंडर शादाब खान की वापसी हुई है। उन्हें उपकप्तान बनाया गया है।तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी और हारिस रऊफ को भी वनडे टीम से बाहर कर दिया गया है। वनडे की कप्तानी रिजवान ही करेंगे। पाकिस्तान की टीम में ओपनिंग बल्लेबाज सैम अयूब नहीं होंगे, वे टखने की चोट से अब तक उबर नहीं पाए हैं।

**पाकिस्तान की टीमें-** टी-20 स्क्वॉडः सलमान आगा (कप्तान), हसन नवाज, ओमैर यूसुफ, मोहम्मद हारिस, अब्दुल समद, इरफान नियाजी, खुशदिल शाह, शादाब खान, अब्बास अफरीदी, जहांदाद खान, मोहम्मद अली, शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ, सुफियान मुकीम, अबरार अहमद, उस्मान खान।

### कंगारुओं ने बरकरार रखा 5+ का रन रेट

# पहली बार एक मैच में भारतीय स्पिनर्स की इकोनॉमी पांच के करीब रही

एजेंसी | दुबई




भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चैंपियंस ट्रॉफी का पहला सेमीफाइनल मुकाबला हुआ। इस मैच में भारतीय स्पिनर्स एक बार फिर हावी नजर आए। पिछले मैच में न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों को भी धीमी गति के गेंदबाजों ने परेशान किया था। मंगलवार को दुबई में खेले जा रहे मुकाबले में भारतीय स्पिनर्स ने लगभग पांच के इकोनॉमी रेट से गेंदबाजी की जबकि कंगारुओं ने पांच से ज्यादा के रन रेट को बरकरार रखा।

ऑस्ट्रेलिया ने स्टीव स्मिथ की 73 रनों की दमदार पारी की बदौलत भारत के सामने 265 रनों का लक्ष्य रखा। इस नॉकआउट मुकाबले में भारतीय टीम चार स्पिनर्स और दो तेज गेंदबाजों के साथ उतरी। मोहम्मद शमी ने तीन विकेट लिए जबकि वरुण चक्रवर्ती और रवींद्र जडेजा को दो-दो सफलताएं मिलीं। वहीं, हार्दिक पांड्या और अक्षर पटेल ने एक-एक विकेट अपने नाम किया।

स्पिनर्स के खिलाफ कंगारुओं ने कुल 34 ओवर खेले। इस दौरान टीम ने पांच विकेट खोए और 176 रन बनाए। वहीं, दो ओवर मेडन रहे। धीमी गति के गेंदबाजों ने इस मैच में लगभग पांच से ज्यादा की इकोनॉमी से गेंदबाजी की। कुलदीप यादव (5.50), अक्षर पटेल (5.37), रवींद्र जडेजा (5.00) और वरुण चक्रवर्ती (4.90) कहर बनकर टूटे।

दिलचस्प बात यह है कि ऑस्ट्रेलिया ने नियमित अंतराल पर विकेट तो खोए लेकिन शुरुआती पांच ओवर को छोड़ दिया जाए तो उन्होंने पांच से ज्यादा का रन रेट बरकरार रखा। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए स्मिथ के 96 गेंदों पर 73 रन और एलेक्स कैरी के 57 गेंदों पर 61 रनों की मदद से 49.3 ओवर में 264 रन बनाए। भारत को शमी ने कोनोली को आउट कर पहली सफलता दिलाई। इसके बाद ट्रेविस हेड ने कुछ आक्रामक शॉट खेलकर टीम को संभालने की कोशिश की, लेकिन वरुण चक्रवर्ती ने हेड को आउट कर भारत को बड़ी सफलता दिलाई। इसके बाद स्मिथ ने मार्नस लाबुशेन के साथ साझेदारी जमाई। स्मिथ एक छोर से पारी आगे बढ़ाते रहे और उन्होंने रन गति का भी ध्यान रखा। हालांकि, दूसरे छोर पर विकेट भी गिरते रहे। स्मिथ के आउट होने के बाद एलेक्स कैरी ने मोर्चा संभाला और आक्रामक बल्लेबाजी की। अंतिम ओवरों में भारतीय गेंदबाज विकेट निकालने में सफल रहे। जब कैरी खेल रहे थे तो लग रहा था कि ऑस्ट्रेलिया 300 के करीब स्कोर खड़ा कर लेगा, लेकिन भारतीय गेंदबाज वापसी करने में सफल रहे। ऑस्ट्रेलियाई टीम पूरे 50 ओवर भी नहीं खेल सकी, लेकिन भारत के सामने चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखने में सफल रही।

## वनडे में पावरप्ले के दौरान पहली बार स्पिनर के खिलाफ आउट हुए ट्रेविस हेड

एजेंसी | दुबई



भारत के खिलाफ दमदार बल्लेबाजी करने वाले ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल मैच में भी इसी इरादे से उतरे थे। हेड ने आक्रामक बल्लेबाजी भी शुरू कर दी थी, लेकिन वरुण चक्रवर्ती ने इस विस्फोटक बल्लेबाज को आउट कर भारत को राहत की सांस दिलाई। ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ दुबई में खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने जल्द ही पहला विकेट गंवा दिया। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने तीसरे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज कोनोली को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। शमी की गेंद पर कोनोली लगातार संघर्ष कर रहे थे और बार-बार आउट होने से बच रहे थे, लेकिन तीसरे ओवर की अंतिम गेंद पर कोनोली के बल्ले का किनारा लेते हुए गेंद विकेटकीपर केएल राहुल के पास गई और उन्होंने कैच पकड़ने में कोई गलती नहीं की। कोनोली नौ गेंदें खेल खाता खोले बिना आउट हुए। पहला झटका लगने के बाद हेड ने ऑस्ट्रेलियाई पारी को संभाला था। शुरुआती तीन ओवर में भारतीय गेंदबाजों ने दबाव डालने की कोशिश की थी, लेकिन इसके बाद हेड ने आक्रामक रुख अपनाया। हेड की शानदार पारी की मदद से ही ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 50 के पार पहुंच गया था। हेड अपने चिर परिचित अंदाज में नजर आ रहे थे, लेकिन स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने हेड को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका दिया। हेड वरुण की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने के चक्कर में अपना विकेट गंवा बैठे। हेड 33 गेंदों पर पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 39 रन बनाकर आउट हुए।

### भारत के खिलाफ जमकर चलता है हेड का बल्ला

हेड भारतीय गेंदबाजों के लिए अबूझ पहेली ही रहे हैं। भारतीय टीम के खिलाफ इस ऑस्ट्रेलिया बल्लेबाज का बल्ला जमकर चलता है, लेकिन सेमीफाइनल मैच में वह बड़ा खतरा बनने से पहले ही पवेलियन लौट गए। भारत के खिलाफ हेड की बल्लेबाजी की बात करें तो उन्होंने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल 2023 में भारत के खिलाफ शतक जड़ा था। इसके बाद भारत में 2023 में खेले गए वनडे विश्व कप के फाइनल में भी रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम के खिलाफ सैकड़ा लगाने में सफल रहे थे। टी20 विश्व कप 2024 में हेड ने भारत के खिलाफ अर्धशतक लगाया था।

## बोले- क्रिकेट में आकार नहीं, मानसिक शक्ति जरुरी : सुनील गावस्कर

एजेंसी | मुंबई

कांग्रेस प्रवक्ता शमा मोहम्मद द्वारा रोहित शर्मा की फिटनेस और कप्तानी पर सवाल उठाए जाने के बाद कई क्रिकेटरों और राजनेताओं ने भारतीय कप्तान का समर्थन किया था और अब पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने भी इस मामले पर अपनी राय रखी। गावस्कर ने भी रोहित का समर्थन किया और कहा कि दुबले-पतले लड़के मॉडलिंग के लिए होते हैं और क्रिकेट में शारीरिक आकार नहीं, बल्कि मानसिक ताकत मायने रखती है।

कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. शमा मोहम्मद ने रविवार को भारत और न्यूजीलैंड के मैच के दौरान सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया था। इस पोस्ट में कांग्रेस नेता ने लिखा कि 'रोहित शर्मा एक मोटे खिलाड़ी हैं! उन्हें अपना वजन कम करने की जरूरत है। बेशक वह भारत के अब तक के सबसे बेअसर कप्तान हैं।' इसके बाद विवाद काफी बढ़ गया और कांग्रेस प्रवक्ता की काफी आलोचना की गई जिसके बाद उन्हें एक्स से अपनी पोस्ट हटाने के लिए मजबूर होना पड़ा। कांग्रेस ने भी शमा की टिप्पणी से खुद को अलग कर लिया और उनसे पोस्ट डिलीट करने का अनुरोध किया। गावस्कर ने याद दिलाया कि मुंबई के बल्लेबाज सरफराज खान को भी बॉडी शेमिंग (शरीर को लेकर आलोचना) का सामना करना पड़ा था, लेकिन इससे उनके प्रदर्शन पर कोई असर नहीं पड़ा। गावस्कर ने कहा, मैंने हमेशा कहा है कि अगर आपको सिर्फ दुबले-पतले लड़के चाहिए, तो आपको मॉडलिंग प्रतियोगिता में जाना चाहिए और सभी मॉडलों को चुनना चाहिए। यह उससे संबंधित नहीं है। गावस्कर ने कहा, यह इस बारे में है कि आप क्रिकेट कितनी अच्छी तरह खेल सकते हैं।

## बिजनेस न्यूज

## मध्य प्रदेश के किसान ने जैव उर्वरक से हासिल की रिकॉर्ड लहसुन फसल

एजेंसी | महू




जैसे-जैसे विश्व टिकाऊ कृषि समाधानों की ओर बढ़ रहा है, महू, इंदौर के हरसोला गांव के एक किसान ने प्राकृतिक खेती में एक उल्लेखनीय मिसाल कायम की है। ओमप्रकाश पाटीदार ने जैव उर्वरक अपनाकर पांच एकड़ भूमि पर रिकॉर्ड तोड़ लहसुन की फसल प्राप्त की, यह साबित करते हुए कि सतत कृषि पद्धतियाँ से असाधारण परिणाम प्राप्त हो सकते हैं।

नवंबर 2024 में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन (NMNF) को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा मंजूरी दिए जाने से यह स्पष्ट होता है कि भारत पूरे देश में मिशन मोड में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं, चीन 2025 तक कृषि आधुनिकीकरण के लक्ष्य के तहत रासायनिक उर्वरकों को चरणबद्ध तरीके से समाप्त कर टिकाऊ विकल्पों को अपना रहा है, ताकि रिकॉर्ड तोड़ पैदावार प्राप्त की जा सके और भविष्य की पीढ़ियों के लिए मिट्टी के स्वास्थ्य की रक्षा की जा सके। हालांकि, भारत के किसान पहले ही नवाचारपूर्ण कृषि तकनीकों के माध्यम से इन आधुनिकीकरण लक्ष्यों को पार कर रहे हैं।

परंपरागत रूप से, महू तहसील व्यापक रूप से रासायनिक उर्वरकों के उपयोग के लिए जानी जाती रही है। हालांकि, ओमप्रकाश पाटीदार ने एक अलग रास्ता चुना। लहसुन की बुवाई के बाद लगातार पांच से सात दिनों तक बारिश होने के कारण उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, जिस कारण उन्होंने जमीन में दोबारा आलू की खेती करने पर विचार किया। लेकिन एक स्थानीय डीलर की सलाह पर, उन्होंने इसके बजाय ट्रॉपिकल एग्रो के Tag Carb-N 6G का उपयोग किया जो जैविक कार्बन और नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और पोटैशियम जैसे आवश्यक पोषक तत्वों से समृद्ध एक दानेदार जैविक खाद है।

## ब्लू चिप स्टॉक्स के लिए रणनीति : सैमको म्यूचुअल फंड लार्ज कैप एनएफओ लॉन्च करेगा

एजेंसी | मुंबई

सैमको एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लि. ने सैमको लार्ज कैप फंड के लिए न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) लॉन्च किया है, जो एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है जो लार्ज-कैप शेयरों में निवेश पर केंद्रित है। एनएफओ बुधवार से 19 मार्च तक खुलेगा। फंड का लक्ष्य सैमको के प्रोपराइटी सीएआरई का लाभ उठाते हुए शीर्ष 100 लार्ज-कैप कंपनियों के विविध पोर्टफोलियो का निर्माण कर लंबे समय में निवेश पर रिटर्न प्रदान करना है।

लार्ज-कैप सेगमेंट एक पसंदीदा निवेश माध्यम बना हुआ है, जो बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच स्थिरता और लगातार रिटर्न प्रदान करता है। भारत की अर्थव्यवस्था विकास पथ पर है, लार्ज-कैप फंडों ने लचीलेपन का प्रदर्शन किया है, जो मजबूत बुनियादी सिद्धांतों के साथ स्थापित व्यवसायों द्वारा समर्थित है। निवेशक जोखिम और रिवॉर्ड को संतुलित करना चाहते हैं। एक अच्छी तरह से संरचित लार्ज-कैप पोर्टफोलियो धन सृजन का एक महत्वपूर्ण घटक बना हुआ है।

सैमको लार्ज कैप फंड को प्रोपराइटरी C.A.R.E का लाभ उठाने के लिए डिजाइन किया गया है, जो बाजार प्रदर्शन संकेतकों के आधार पर गतिशील रूप से शेयरों का चयन करता है। यह फंड लार्ज-कैप इक्विटी में न्यूनतम 80% एक्सपोजर के साथ उच्चतम एसेट अलोकेशन सुनिश्चित करता है, जिससे निवेशकों को अच्छी तरह से स्थापित और मौलिक रूप से मजबूत व्यवसायों तक पहुंच मिलती है।

लॉन्च पर सैमको एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ विराज गांधी ने कहा, मौजूदा बाजार माहौल में भारत में लार्ज-कैप शेयरों की कीमत मिड और स्मॉल कैप की तुलना में आकर्षक हो गई है, जो एक आकर्षक निवेश अवसर पेश करता है। मिड और स्मॉल कैप द्वारा महत्वपूर्ण बेहतर प्रदर्शन की अवधि के बाद उस सेगमेंट में मूल्यांकन बढ़ गया है, जबकि बड़े कैप बेहतर जोखिम-समायोजित रिटर्न और स्थिरता प्रदान करते हैं। मजबूत बुनियादी सिद्धांतों और बेहतर आय दृश्यता के साथ लार्ज कैप, जो मार्केट कैप के हिसाब से शीर्ष 100 कंपनियां हैं।

## इंटरनेशनल क्रिकेट में भारत के लिए सबसे ज्यादा कैच लेने वाले खिलाड़ी बने कोहली

**दुबई।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने इंटरनेशनल क्रिकेट में कमाल कर दिया और वो अब भारत की तरफ से सबसे ज्यादा कैच लेने वाले खिलाड़ी बन गए। कोहली ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल मुकाबले में 2 कैच पकड़े और इसके दम पर उन्होंने इतिहास रच दिया और राहुल द्रविड़ से आगे निकल गए। इस मैच में कोहली ने जोश इंगलिस और नाथन एलिस का कैच पकड़ा।विराट कोहली वर्ल्ड क्रिकेट में अपनी बेहतरीन बैटिंग के लिए जाने जाते हैं, लेकिन वो एक बेहतरीन फील्डर भी हैं ये बात उन्होंने साबित कर दिया। कोहली ने फील्डिंग मे वो कमाल कर दिया जो अपने आप में नायाब है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कोहली ने जैसे ही जोश इंगलिस का कैच पकड़ा वो इंटरनेशनल क्रिकेट में भारत की तरफ से सबसे ज्यादा कैच लेने वाले फील्डर बन गए और राहुल द्रविड़ के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। कोहली के नाम पर अब इंटरनेशनल क्रिकेट में कुल 336 कैच लपके हैं जबकि राहुल द्रविड़ ने अपने क्रिकेट करियर के दौरान कुल 334 कैच पकड़े थे।

### 4 साल से तिहाड़ में | रेसलिंग में 2 ओलिंपिक मेडल जीते

# पहलवान सुशील कुमार को जमानत, सोनीपत के जूनियर रेसलर को मारा था


एजेंसी | पानीपत

ओलिंपियन पहलवान सुशील कुमार जेल से बाहर आ रहा है। दिल्ली हाईकोर्ट ने पहलवान को जमानत दी है। हाईकोर्ट ने सुशील कुमार को 50 हजार के बॉन्ड और इसी राशि के जमानतदारों की गारंटी पर रिहा किया है। वह जूनियर पहलवान सागर धनखड़ हत्याकांड मामले में 4 साल से तिहाड़ जेल में बंद था। सुशील कुमार पर आरोप है कि उसने 2021 में दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम की पार्किंग में सागर धनखड़ और उसके दो दोस्तों पर जानलेवा हमला किया था।

इस हमले में सागर धनखड़ की मौत हो गई थी। जांच में सामने आया था कि यह हमला युवा पहलवानों में वर्चस्व बनाने और प्रॉपर्टी विवाद के लिए किया गया था। इससे पहले जुलाई 2023 में सर्जरी के लिए सुशील को 7 दिन की अंतरिम जमानत दी गई थी। दिल्ली की रोहिणी कोर्ट ने जमानत देते हुए कहा था कि 7 दिन की बेल अवधि में उसके साथ 2 सुरक्षाकर्मी 24 घंटे मौजूद रहेंगे।

यह जमानत 23 जुलाई से 30 जुलाई तक के लिए मिली थी, जिसके लिए 1 लाख का निजी बॉन्ड भरना पड़ा था। सुशील को हिदायत दी गई थी कि इस दौरान न तो वह गवाहों को धमकाएंगे, और न ही सबूतों के साथ छेड़छाड़ करेंगे। साल 2019 में 10 दिसंबर को दिल्ली के मॉडल टाउन में सुशील ने अपनी पत्नी सावी सोलंकी के नाम 90 लाख रुपए का एक फ्लैट खरीदा। सुशील कुमार ने बी-10/6 नंबर के फ्लैट को खरीदने के बाद 40 हजार रुपए महीने के किराए पर दे दिया। इस फ्लैट में किराये पर पहलवान सागर धनखड़, सोनू, भक्तु और अमित थे। 2020 फरवरी में सागर का पड़ोसियों से पार्किंग को लेकर विवाद हो गया। पड़ोसियों ने सुशील को फोन कर सारी बातें बता दीं। सुशील ने सागर को तुरंत फ्लैट खाली करने को कह दिया, लेकिन सागर ने ऐसा नहीं किया। सुशील ने अपने साथी अजय और रघुवीर को फ्लैट खाली करवाने के लिए भेजा।

दोनों पहुंचे और सागर से कहा, 'पुराना बाकी किराया देकर इस फ्लैट को खाली करो।' सागर ने मना करते हुए कहा, तुम्हारे कहने से नहीं खाली करेंगे। अपने पहलवान से बोलो, वह खुद आकर खाली कराए। यह बात सुशील को पता चली, तो वह गुस्से से भर गया। हालांकि, बाद में फ्लैट को लेकर विवाद बढ़ा तो सागर ने फरवरी में उसे खाली कर दिया और मॉडल टाउन की ही M-2/1 बिल्डिंग में चौथी मंजिल पर फ्लैट ले लिया। इसके बाद भी सुशील कुमार ने हरियाणा से काला जठेड़ी से संपर्क कर कुछ गुंडे बुलाए और वारदात को अंजाम दिया।



### 4 मई, 2021 की रात को क्या हुआ था

पुलिस की ओर से दाखिल की गई चार्जशीट के मुताबिक, 4 मई 2021 को रात करीब 1 बजे छत्रसाल स्टेडियम के पार्किंग एरिया में पहलवानों के 2 गुटों में झड़प हो गई थी। इस दौरान फायरिंग भी हुई, जिसमें 5 पहलवान जख्मी हो गए थे। इनमें सागर (23), सोनू (37), अमित कुमार (27) और 2 अन्य पहलवान शामिल थे। इनमें से सागर ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वह दिल्ली पुलिस में हेड कॉन्स्टेबल का बेटा था। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया था, जिसमें सुशील कुमार अपने दोस्तों के साथ जूनियर पहलवान को हॉकी से पीटता दिख रहा था। यह वीडियो सुशील कुमार ने ही बनवाया था। सुशील कुमार को इस घटना के बाद 23 मई 2021 को मुंडका के मेट्रो स्टेशन से गिरफ्तार किया गया। दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर सुशील को रोहिणी कोर्ट भेज दिया था। अक्टूबर 2021 को उसे जेल भेज दिया गया।



हक्कारी, तुर्की। एक रखरखाव इंजीनियर कठोर सर्दियों की परिस्थितियों के कारण बर्फ और बर्फ से ढके एक बिजली के खंभे की समस्याओं को ठीक करता है।

## शॉर्ट न्यूज

### इजरायल की संसद में चले लात-घूंसे, भीड़ ने तोड़ी सुरक्षा

**तेलअवीव**। इजरायल में हमास के हमले की जांच की मांग लंबे समय से की जा रही है और कल तकपीएम बेंजामिन नेतन्याहू खुद इसके पक्ष में थे। अब आलम ये है कि वह इस हमले की जांच को ठंडे बस्ते में डालने की कोशिश कर रहे हैं, जहां इजरायली जनताअब सड़क से संसद तक पहुंच रहीहै। इजरायल की संसद में सोमवार को भीड़ ने हंगामा कर दिया, जो उसी हमले पर चर्चा करना चाहते थे। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के संसद में संबोधन से पहले 7 अक्टूबर के बंधकों और पीड़ितों के परिजनों और नेसेट (इजरायली संसद) गार्डों के बीच जबरदस्त झड़पें हुईं। यह झड़प तब शुरू हुई जब परिजन संसद में प्रवेश की मांग कर रहे थे। कुछ प्रदर्शनकारियों ने अंदर प्रवेश भी किया लेकिन नेतन्याहू का विरोध करते हुए उन्हें पीठ दिखाई। हालांकि गार्ड ने रोकते हुए कहा कि केवल दस लोग ही अंदर जा सकते हैं, मगर परिवार अपनी बात पर अड़े रहे।

### बर्बर हत्याकांड ने छीन लिया धनंजय मुंडे से मंत्री पद

**मुंबई**। महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे के करीबी सहयोगी वाल्मिक कराड को सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के मामले में आरोपी बनाया। इसके बाद महाराष्ट्र की राजनीति गरमा गई। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के कहने पर मुंडे को मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा। सूत्रों के हवाले से खबर है कि उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने सोमवार रात को फडणवीस से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान देशमुख हत्या मामले में सीआईडी द्वारा दायर आरोपपत्र और दो अन्य संबंधित मामलों के नतीजों पर चर्चा की। इनमें कराड को आरोपी नंबर एक बनाया गया है। एक सूत्र ने बताया, ''फडणवीस ने धनंजय मुंडे से मंत्री पद से इस्तीफा देने को कहा।'' राज्य के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री मुंडे बीड जिले के परली से एनसीपी (अजित गुट) के विधायक हैं। इससे पहले वह बीड के संरक्षक मंत्री थे। वर्तमान में एनसीपी प्रमुख अजित पवार पुणे के साथ-साथ बीड जिले के संरक्षक मंत्री हैं।

## जेलेंस्की - ट्रंप में नोकझोंक का फायदा उठाने की कोशिश

# आपदा में अवसर तलाश रहा चीन

### यूरोपीय संघ पर डालने लगा डोरे

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

यूक्रेन युद्ध समाप्त करने को लेकर अमेरिका और यूरोपीय संघ के बीच गहराते मतभेद, खासकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के बीच बैठक में नोकझोंक के बाद चीन यूरोपीय संघ के साथ अपने संबंधों को बढ़ाने पर जोर दे रहा है। इसे आपदा में अवसर तलाशने की एक चीनी कोशिश कहा जा सकता है। चीन की संसद नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (NPC) के प्रवक्ता लोउ किनजियान ने मंगलवार को एक प्रेस वार्ता में कहा कि चीन एकतरफा तरीके से लिए गए फैसले के खिलाफ 27 सदस्यीय यूरोपीय संघ

**बैठक**



(EU) के साथ काम करने को तैयार है। लोउ ने कहा, ''पिछले 50 वर्ष में तथ्यों ने बार-बार साबित किया है कि चीन और यूरोप के बीच हितों का कोई मौलिक टकराव या भू-राजनीतिक संघर्ष नहीं है; बल्कि, वे साझेदार हैं जो एक-दूसरे की सफलता में योगदान करते हैं।'' चीन ने यह पहल ऐसे समय में की है, जब एक तरफ डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ आतंक से चीन के अलावा कई देश परेशान हैं तो दूसरी तरफ कई यूरोपीय देश यूक्रेन मुद्दे पर ट्रंप के व्यवहार और रुख से खफा हैं। वहीं अरब देश गाजा को लेकर चिंतित और नाराज हैं।

**इसलिए दोस्ती की जरूरत** –चीन यूरोपीय संघ के साथ अपने संबंधों को बढ़ाना चाहता है, जिसे वह चीनी उत्पादों, विशेष रूप से एआई से लैस अपने ई-वाहनों और बैटरियों के लिए एक आकर्षक बाजार मानता है। यूरोपीय संघ ने स्वदेशी मॉडलों की सुरक्षा के लिए चीनी ई-वाहनों पर भारी शुल्क लगाया है। इसके साथ ही चीन हाल ही में जेलेंस्की और ट्रंप के बीच बैठक में नोकझोंक के बाद रणनीतिक गठबंधनों में आए तेज बदलाव का भी फायदा उठाना चाहता है। यूक्रेन को लेकर अलग-अलग रुख के कारण अमेरिका-यूरोपीय संघ के घनिष्ठ संबंधों पर नकारात्मक असर पड़ रहा है।

### ट्रंप-पुतिन के बीच नरमी से परेशान

ट्रंप के साथ जेलेंस्की की हंगामेदार बैठक के बाद यूरोपीय संघ के नेताओं ने यूक्रेन के राष्ट्रपति का समर्थन किया है। ट्रंप-जेलेंस्की की बैठक के वीडियो को सरकारी चीनी मीडिया संस्थानों द्वारा खूब प्रसारित किया गया। लोउ ने अमेरिका-ईयू संबंधों का परोक्ष संदर्भ देते हुए कहा, ''चीन-यूरोप संबंध किसी तीसरे पक्ष पर लक्षित, निर्भर या उसके अधीन नहीं हैं।'' ट्रंप के रुस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बेहतर हो रहे संबंधों को लेकर भी चीन बेचैन है। चीन और रुस के बीच अमेरिका और उसके सहयोगियों से खतरों के मद्देनजर वर्षों से एक करीबी गठबंधन बना हुआ है। एक मार्च को पुतिन ने अपने शीर्ष सुरक्षा अधिकारी सर्गेई शोइगु को यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिए अमेरिका के साथ रुस की वर्तमान वार्ता के बारे में राष्ट्रपति शी जिनपिंग को जानकारी देने के लिए बीजिंग भेजा था।

## महाकुंभ में नाविक परिवार ने 45 दिन में कमाए 30 करोड़ : सीएम योगी

**एजेंसी ● लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथने मंगलवार को विधानसभा में बजट पर चर्चा का जवाब देते हुए बताया कि महाकुंभ के आयोजन से प्रदेश को तीन लाख करोड़ रुपए के राजस्व की प्राप्ति हुई है। उन्होंने अलग-अलग सेक्टर में हुई कमाई का भी ब्योरा दिया। इसके साथ ही प्रयागराज के एक नाविक परिवार की सक्सेस स्टोरी भी सुनाई। सीएम योगी ने बताया कि इस नाविक परिवार ने 45 दिनों के महाकुंभ में 30 करोड़ रुपए की शुद्ध बचत की है।

नाविक परिवार की सक्सेस स्टोरी सुनाते हुए सीएम योगी ने समाजवादी पार्टी पर निशाना भी साधा। कहा कि सपा सबसे ज्यादा शोर मचाती रही। हमेशा कहती रही कि नाविकों का वहां शोषण हो रहा है। उन्हें कमाई नहीं करने दिया जा रहा है। जबकि असलियत इसके विपरीत है। सीएम योगी ने बताया कि वहां के एक नाविक परिवार में 130 नावें हैं। एक नाव ने करीब 23 लाख रुपए की कमाई की है। प्रति दिन की बचत देखेंगे तो एक नाव ने 50 से 52 हजार रुपया कमाया है।



इस तरह पूरे परिवार की कमाई 45 दिनों में ही 30 करोड़ रुपए की हुई है। सीएम योगी ने कहा कि 27 फरवरी को महाकुंभ के समापन पर वहां गया था। पहले मां गंगा के प्रति कृतज्ञता जताई, उनका पूजन किया। इसके बाद नाविकों के साथ संवाद भी किया था। नाविकों के लिए पैकेज की भी घोषणा की गई थी। सीएम योगी ने कहा कि हम सबका साथ, सबका विकास की बात करते हैं। 45 दिनों के आयोजन ने भारत की विरासत और विकास की एक अनुपम छाप न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया में छोड़ी है। महाकुंभ का आयोजन हमारे लिए अग्निपरीक्षा थी।

### कई स्मोक ग्रेनेड फेंके जाने से सदन में फैला गुलाबी धुआं

## सर्बिया की संसद में विपक्षी सांसदों ने मचाया बवाल!

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

यूरोपीय देश सर्बिया की संसद में विपक्षी सांसदों ने भारी बवालमचाया है। विपक्षी सांसदों ने संसद में एक के बाद एक कईस्मोक ग्रेनेड और आंसू गैस के गोले फेंके जिससे संसदीय सत्र में भारी अव्यवस्था फैल गई। संसद में हाथापाई भी देखने को मिली। संसदीय सत्र के लाइव टेलीविजन प्रसारण में दिखाया गया कि सर्बियाई विपक्षी सांसदों ने मंगलवार को सरकार की नीतियों के विरोध में संसद के अंदर स्मोकग्रेनेड और आंसू गैस के गोले फेंके। इसके बाद पूरे संसद में काला और गुलाबीधुआं फैल गया। विपक्षी सांसद सरकार से नाराज प्रदर्शन कर रहे छात्रों का भी समर्थन कर रहे थे। चार महीने पहले सर्बिया में रेलवे स्टेशन की छत गिरने से 15 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद सरकार के खिलाफ प्रदर्शन शुरू हुए जो अब सरकार के लिए सबसे बड़ा खतरा बन गए हैं।

**हाथापाई**



विधान सभा सत्र में, सर्बियाई प्रगतिशील पार्टी (एसएनएस) के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन ने सत्र के एजेंडे को मंजूरी दी जिसके बाद कुछ विपक्षी नेता अपनी सीट से उठकर संसद के अध्यक्ष की तरफ दौड़े। इस दौरान सुरक्षा गार्ड्स से उनकी हाथापाई देखने को मिली। वहीं, कुछ विपक्षी सांसदों ने स्मोक ग्रेनेड और आंसू गैस के गोले फेंके। लाइव प्रसारण में संसद की इमारत के अंदर काला और गुलाबी धुआं उठता दिखाई दिया। स्पीकर एना ब्रनाबिक ने कहा कि इस दौरान दो सांसद घायल हुए हैं, जिनमें से एक, एसएनएस पार्टी की जैस्मिना ओब्राडोविक को स्ट्रोक हुआ है और उसकी हालत गंभीर है। उन्होंने सत्र में कहा, 'संसद काम करना और सर्बिया की रक्षा करना जारी रखेगी। मंगलवार को सर्बियाई संसद को देश की यूनिवर्सिटीज के लिए धनराशि बढ़ाने वाला कानून पारित करना था। इस कानून की मांग को लेकर दिसंबर से ही सर्बिया के छात्र प्रदर्शन कर रहे हैं। संसद में देश के प्रधानमंत्री मिलोस वुसेविक के इस्तीफे पर भी चर्चा होनी थी लेकिन सत्तारूढ़ गठबंधन ने सत्र के एजेंडे में कई ऐसे मुद्दों को रखा जिससे विपक्ष बुरी तरह भड़क गया।

**स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक** - दीपक बुड़ाना द्वारा चैतन्य लोक ग्राफिक्स, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 66 बी शुभम पैलेस, छोटा बांगड़दा रोड इंदौर से प्रकाशित।

**संपादक**- दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)